12.59 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS, 1974-75—*Contd.*

MINISTRY OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE AND DEPARTMENT OF CULTURE —*Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: We now resume the discussion on the Demands of the Ministry of Education and Social Welfare and the Department of Culture

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K. RAGHU RAMAIAH). We have 1 hour and a few minutes left. There are still a few speakers on the opposition and a good number on our side who want to speak. I have talked to the leaders of the opposition parties. Subject to your orders, the time may be extended by 2 hours.

MR DEPUTY-SPEAKER· If the House has no objection, I can't have any objection because my big obstacle of having a tussle with the members will be reduced to that extent. Shri K C. Pandey

14.00 hrs.

श्री कृष्ण चन्द्र पाडे (खलीलाबाद) माननीय उपाध्यक्ष महोदय मैं शिक्षा और समाजकल्याण मंत्रालय की मांगों का हार्दिक समर्थन करता हूं ।

मान्यवर, इस देश को आजाद हुए 27 वर्ष होने जा रहे है लेकिन आज तक इस देश की शिक्षा नीति मे किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन नही किया गया । कई आयोग और कई समितियो का गठन हुआ, सिफारिशे आई, लेकिन उन पर पालन नही किया गया । जिस का परिणाम है कि आज देश मे छात्र असन्तोष और शिक्षक असन्तोष बढता ही जा रहा है । आप जानते हैं कि आज देश में जो भी शिक्षा-प्रणाली है उस को हम भारतीय शिक्षा प्रणाली नही कह सकते, क्योंकि वही पुरानी अंग्रेजों की शिक्षा नीति का अक्षरश. पालन किया जा रहा है, जो देश में बाबू पैदा करने के लिए बनाई गई थी और आज देश में हमारे शिक्षा मंत्री जी भी बाबू ही पैदा कर रहे हैं । मैं आप के माध्यम से शिक्षा मंत्री जी से अपील करना चाहता हूं कि वे दिन लद गये, अब आप को छात्रो, अध्यापकों और बेरोजगारी की चुनौती को स्वीकार करना चाहिये, शिक्षा नीति में आमूल-चूल परिवर्तन करना चाहिये । इस सम्बन्ध में गीता में भगवान कृष्ण ने एक स्थान पर कहा है —

> वासांसि जीर्णानि यथा विहाय
> नवानि गृहणाति नरोऽपराणि ।
> तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि
> संयाति नवानि देही ।।

अगर देश को मजबूत करना है, अगर देश की बेरोजगारी को दूर करना है तो आपको यथार्थवादी नीति अपनानी पडेगी और शिक्षा को रोजगार बनाना पडेगा । यदि ऐसा नही किया गया तो जैसा हमारे बुजुर्ग सदस्य माननीय विभूति मिश्र जी ने कल कहा था—यह चुनौती है छात्रो को, अगर छात्रों की समस्याओं का समाधान नही किया गया तो आने वाला भविष्य इस पीढ़ी को बरदाश्त नही करेगा । मै पुन माननीय मंत्री जी से अपील करना चाहता हूं —आप इस शिक्षा नीति को उठा कर हिन्द महासागर मे दफना दे । अगर कालिजो को एक साल के लिए बन्द करना पडे, अगर विश्वविद्यालयो को एक साल के लिए बन्द करना पडे तो बन्द कर दीजिए, लेकिन बैठ कर एकाग्र चित से शिक्षा नीति को बनाइये, जिस से बेरोजगारी न बढ़े । आप के जो भी शिक्षित नौजवान शिक्षा प्राप्त करने के बाद निकले उन का सदुपयोग किया जाये ।

आज कल की बढ़ती हुई बेरोजगारी की पूरी जिम्मेदारी एकमात्र शिक्षा मंत्रालय पर है और यह बेरोजगारी तभी दूर की जा सकती है जब रोजगारपरक शिक्षा नीति हो

इस के लिए मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं—जोकभी शिक्षा प्रणाली बनाई जाय वह यथार्थवादी होनी चाहिए व्यवसायपूरक होनी चाहिए जिससे विद्यार्थियों के नैतिक चरित्र में भी सुधार हो।

आज देखा जा रहा है कि स्वतन्त्रता के बाद देश के नैतिक चरित्र का जो ह्रास हुआ है—उस की जिम्मेदारी भी दूसरे विभागो पर नही है उस की जिम्मेदारी भी एक मात्र शिक्षा मन्त्रालय पर है। जब तक जिस देश की शिक्षा नीति मजबूत नही रहेगी सुदृढ नही रहेगी उस देश की भावनाओं को ले कर चलने-वाली नही होगी बेरोजगारी बढती जायगी जनता का आक्रोश छात्रो का आक्रोश बढ़ता जायगा। मैं अपील करना चाहता हूं आप लोग एकाग्र चित्त हो कर बैठ कर शिक्षा नीति पर पुन विचार करे और बदले।

आज देखा जा रहा है कि हमारे पढ लिखे छात्र भाई रोजगार और नौकरी के लिए लखनऊ और दिल्ली के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन को रोजी नही मिलती। हार कर वे विद्यालयो और विश्वविद्यालयो मे जाते हैं और वही से इस देश मे विद्रोह की भावना भडक रही है।

मै इस मौके पर एक निवेदन करना चाहता हू —राष्ट्रीय एकता के लिए आवश्यक है कि उच्च शिक्षा विश्वविद्यालय स्तर की शिक्षा और परीक्षा नीति पर पुन विचार होना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालयो की परीक्षाओं का केन्द्रीयकरण होना चाहिए। इस केन्द्रीयकरण से एक लाभ होगा कि राष्ट्र मे प्रदेश मे जो लडाई चल रही है एक प्रदेश का दूसरे प्रदेश के लोगो से बिलगाव चल रहा है वह कम होगा और देश मे राष्ट्रीय जागृति आयेगी लोगो मे एकता आयेगी और यदि आप परीक्षा का स्तर सुधारना चाहते हैं तो वह भी सुधर सकेगा। राष्ट्रीय एकता को बल देना चाहेंगे तो वह भी मिलेगा। मैं चाहता हूं कि शिक्षा मंत्रालय इस पर विचार करे और राष्ट्रीय स्तर पर सारे विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं का केन्द्रीयकरण किया जाय। इस से सम्पूर्ण विश्वविद्यालयों के शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाया जा सकता है।

मैं यह भी अपील करना चाहता हूं—शहर में शिक्षा मंत्रालय द्वारा बडे लम्बे-चौडे अनुदान दिये जाते हैं लेकिन देहात मे बसने वाले गरीब मजदूर अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा इस लिए नही दे पाते कि वे दिल्ली से बहुत दूर बसते हैं। जो सुविधायें आप दिल्ली नगर के छात्रो को दे रहे हैं वे देहात के विद्यार्थियों को भी दी जाय जिस से इस देश के गरीब मजदूर अपने को समझ सके कि 27 वर्ष की आजादी के बाद हमारे बच्चो को अच्छी शिक्षा मिल रही है। शहरों मे देखा जाता है कि भिन्न भिन्न प्रकार के छोटे-छोटे बच्चो के लिए मोन्टेसरी स्कूल खुले हुए हैं बसें आती हैं और बच्चों को ले जाती हैं लेकिन देहातो में गरीब मजदूरों के बच्चों की स्थिति बड़ी दयनीय है। मैं चाहता हू कि प्रत्येक ब्लाक लेवल पर ऐसे स्कूल खोले जाय जिस के लिए आप ने आश्वासन भी दिया था। ये छोटे छोटे स्कूल सरकार को चलाने चाहिए और वहां के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दी जानी चाहिए।

शिक्षा मन्त्रालय ने बहुत से महापुरुषों की जन्म शताब्दि मनाई है। महात्मा बुद्ध से ले कर निकोलस तक जन्मशताब्दि मनाई गई लेकिन मैं देख रहा हूं महात्मा तुलसी जिन का हिन्दी साहित्य मे अनुपम योगदान है जिस तुलसी ने राम की कथा को ले कर राम को देश और विदेश में अमर कर दिया उस तुलसी की आज कल चतुःशती मनाई जा रही है उस में शिक्षा मंत्रालय अत्यन्त

(श्री कृष्णा चन्द्र पांडे)

निराशा दिखा रहा है। मैं अपील करना चाहता हूं कि शिक्षा मंत्रालय उस तरफ ध्यान दे क्योंकि महात्मा तुलसी का हिन्दी साहित्य में प्रधान स्थान है।

एक अपील और करना चाहता हूं — छात्र असन्तोष पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने श्री एन० सी० पराशर संसद सदस्य के प्रस्ताव पर एक उपसमिति बनाई थी उस कमेटी ने क्या किया अभी तक कोई जानकारी हम लोगों को नहीं हुई है।

तो मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी से अपील करना चाहता हू कि ऐसी कमेटिया जो बनाई जाये उस पर विचार करना चाहिए और छात्र असंतोष जो बढ़ रहा है उस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। आज देश मे छात्र असन्तोष को भड़काने की कोशिश कुछ प्रतिक्रियावादी लोग कर रहे हैं। मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी से अपील करना चाहता हूं कि विद्यालयो और विश्वविद्यालयो को राजनीतिज्ञों के चगुल से बचाये और उनको एक स्वस्थ परम्परा जो इस राष्ट्र की परम्परा रही है उस पर ले जाये। आज देखा जा रहा है कि बिहार मे जयप्रकाश नारायण जी जो सर्वोदय नेता हैं क्रान्ति पर उतर आये हैं और हमारे विद्यार्थी भाइयों को भड़काना आरम्भ कर दिया है। मैं अपने देश के समस्त छात्र भाइयों से अपील करना चाहता हू कि वे प्रतिक्रियावादी एव राजद्रोही तत्वो से सावधान हो कर देश को मजबूत बनाने के लिए देश को एक करने के लिए काम करें जिससे इस देश का निर्माण सम्भव हो सके।

इसके साथ ही साथ मैं श्री यादवजी जो कि जनसघ के सदस्य हैं उनसे भी अपील करना चाहता हू कि इस समय आवश्यकता इस बात की है कि हम सब मिल करके छात्रों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें न कि उनको उकसा कर विद्रोह करने के लिए।

इन शब्दों के साथ मैं पुनः इन अनुदानों की मागों का समर्थन करता हू।

श्री मुल्की राज सैनी (देहरादून) : उपाध्यक्ष महोदय मैं शिक्षा और समाज कल्याण विभाग की मागों का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। शिक्षा और समाज कल्याण विभाग ठीक उसी तरीके से शिक्षा देने के लिए और लोगो का विकास करने के लिए एक महत्वपूर्ण विभाग है जैसे कि रेडियो और ब्राडकास्टिंग विभाग है। ब्राडकास्टिंग विभाग का भी बच्चों युवकों तथा बड़ी उम्र के नर-नारियों पर बहुत प्रभाव पड़ता है। उसी प्रकार इस शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी भी बहुत ऊंची है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: What the Minister of Information and Broadcasting said was that he would like his Ministry to be upgraded to the level of the Ministry of Education. Now, here, you say that it should be treated as important as the other one.

श्री मुल्की राज सैनी : मैं तो कम्पेरीजन कर रहा हू कि ब्राडकास्टिंग मिनिस्ट्री से ज्यादा एजूकेशन मिनिस्ट्री की जिम्मेदारी है। इसलिए शिक्षा विभाग को ज्यादा धन मिलना चाहिए और उसकी लेविल में इसको ऊंचा होना चाहिए—मेरा पहला सुझाव तो यह है।

दूसरे मुझे यह निवेदन करना है कि आज 27 साल के बाद भी देश में सारे बच्चों को शिक्षा देने की जो सरकार की जिम्मेदारी है वह पूरी नहीं हुई है। प्राइमरी स्टेज पर भी पूरी नहीं हुई है और उसके पश्चात माध्यमिक स्टेज में पूरी नहीं हुई है। इसके लिए धन चाहिए इसके लिए योजनायें चाहिए इसके लिए शक्ति चाहिए और वह जरूर मिलनी चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में जैसा कि पांडे जी ने कहा बहुत बड़ी खाई है। ऊंची आय वालों के बच्चों के लिए मान्टेसरी स्कूल हैं नर्सरी स्कूल हैं और फैन्सी स्कूल हैं जहां पर तीन सौ चार सौ या पांच सौ रुपया महीने में एक बच्चे पर वह खर्च करते हैं। वहां पर उनको अलग तरीके से शिक्षा दी जाती है जबकि दूसरी ओर देश के 80-90 प्रतिशत गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलती है या शिक्षा कतई नहीं मिलती हैं। तो इस खाई को दूर करना चाहिए और सभी को प्राइमरी और माध्यमिक शिक्षा शुरू में मिलनी चाहिए।

एक बात जो बहुत महसूस की जा रही है वह है छात्र असंतोष। इस छात्र असंतोष को दूर करने के लिए शिक्षा नीति के अन्दर ऐसे परिवर्तन करने चाहिए जिनको माननीय सदस्य यहां पर कहते रहे हैं। हम सुनते भी रहे हैं कि शिक्षा में परिवर्तन होगा शिक्षा में परिवर्तन होना भी चाहिए लेकिन वह परिवर्तन कौन करेगा वह परिवर्तन कब होगा और कैसे होगा वह बात सामने नहीं आ रही है और न ही उसका समय आ रहा है। इसलिए शीघ्र से शीघ्र शिक्षा की नीति में परिवर्तन करना चाहिए। आज की शिक्षा प्रणाली में बेरोजगारी फैलती है। इसके अलावा अभी बाबू तैयार करने की जो नीति कही गई है तो अब बाबू तैयार नहीं हो रहे हैं बल्कि दादा तैयार हो रहे हैं जो जा कर समाज में नेतृत्व करते हैं। वह दादा लोग कौन हैं? वे उन्हीं ऊंचे घरों के लड़के हैं जो कि गरीबों के लड़कों को पढ़ने नहीं देना चाहते हैं। वे घर में भी रेडियो ट्रांजिस्टर से दादागिरी सीखते हैं और फिर स्कूल कालेजों में दादागिरी करते हैं। तो इस बात को भी रोकना चाहिए। इसके लिए शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की आवश्यकता है तथा शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाना है। नर्सरी स्कूलों में जो शिक्षा का स्तर है उसी प्रकार गरीबों के बच्चों की शिक्षा के स्तर को उचा उठाना है। इस सम्बन्ध में मेरा सुझाव है कि जो पब्लिक स्कूल हैं उन को बन्द कर देना चाहिए कम से कम समय तक के लिए जब तक कि सभी बच्चों को ऊंची शिक्षा न मिल जाये। आज जो फैन्सी स्कूल हैं उनकी मोनोपली हो गई है। वहां पर ऊंचा रोजगार प्राप्त करने ऊंची कुर्सियां प्राप्त करने की मोनोपली बड़े घरानों में आ गई है जिस के बच्चे उन फैन्सी स्कूलों में पढ़ते हैं।

श्री सूरज पांडे (गाजीपुर) : वह बन्द नहीं होंगे।

श्री नुस्कीराज सैनी आज नहीं होगा तो कल होगा लेकिन इसको करना ही होगा। कांग्रेस का प्रोग्राम है कि यह होगा। जब आपका सहयोग मिलेगा तब यह होगा।

जो रिपोर्ट हमने पढ़ी है उसमें बहुत सारी मदें दी गई हैं और बहुत सारे कार्यालय खोले गए हैं जैसे राष्ट्रीय शिक्षा एवं अनुसंधान परिषद केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड केन्द्रीय शिक्षा विद्यालय संगठन केन्द्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग—इस प्रकार से यह बहुत

[श्री मुख्तीराम सैनी]

सम्बंधी लिस्ट है और इनको देख कर हम ऐसा महसूस करते हैं कि यह सारा का सारा शिक्षा और समाज कल्याण बोर्ड का पैसा सारे निदेशालय और यह सारे संगठन ठीक तरह से काम करें तो शायद हमें किसी प्रकार की आलोचना करने की आवश्यकता ही न पड़े। लेकिन इसका जो इम्प्लीमेन्टेशन है उस के अन्दर ढिलाई है उसमें खराबी है जिसकी तरफ मन्त्री जी का ध्यान जाना चाहिए।

इसमें जैसे आई टी है जो तकनीकी आधार पर इंजीनियर्स तैयार करती है और दूसरे टेक्निकल पर्सोनेल तैयार करती है विशेष तौर से दिल्ली का जो आई आई टी है उसकी तरफ मैं मन्त्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। मेरे पास इसके तथ्य हैं, मैंने चिट्ठियों के जरिए से मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है लेकिन अभी तक कुछ हुआ नही। लगभग दो वर्ष पूर्व संसद के एक माननीय सदस्य ने दिल्ली स्थित आई आई टी में व्याप्त मीषण भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद एवं जनता के पैसे की नाजायज रूप से बर्बादी के ऊपर एक प्रेस कान्फ्रेंस में अपने विचार रखे थे। तत्पश्चात संसद में इस विषय पर चर्चा भी हुई थी एवं एक पी ए सी का गठन कर आई आई टी के एकाउन्टस की जाच कर ई गई थी जिसने अपनी रिपोर्ट भी संसद मे प्रस्तुत की थी। पता नही सरकार ने उस पर क्या किया ? मैं मंत्री जी से जानना चाहता हू कि उस रिपोट के ऊपर क्या कार्यवाही की गई है ? मैंने इस विषय को लेकर शिक्षा मंत्री महोदय का ध्यान अपने पत्र दिनांक 26-72 दिनांक 6-7-72 एव दिनांक 7-3-73 द्वारा आई आई टी में चल र सामन्तवादी रवैये की ओर आकृष्ट कराया था जिसमें कुछ व्यक्तियों को नाजायज रूप से सताया जा रहा है एवं कुछ अन्य व्यक्तियों की गलत प्रवृत्तियों को बढ़ावा दे कर और उनके काले कारनामों पर पर्दा डालकर पदोन्नति की जा रही है। ठीक उसी तरह का मामला है मैं नाम लेना नहीं चाहूंगा क्योंकि मैंने पत्र में दे रखा है जैसे कि पूसा इन्स्टीटयूट में मजबूर हो कर एक इंजीनियर शाह साहब को आत्महत्या करनी पड़ी थी। दिनांक 21-9-73 को मैंने स्वयं मंत्री महोदय से मिल कर उन्हें पूर्ण विवरण से अवगत कराया और उनसे यह आश्वासन भी प्राप्त किया कि वे फाइल मंगाकर इस मामले की स्वयं जांच करेंगे। मुझे ज्ञात हुआ है कि कुछ अन्य माननीय सदस्यों एवं एक वरिष्ठ मंत्री महोदय ने भी माननीय शिक्षा मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया था परन्तु खेद है कि अभी तक इस विषय में कोई कार्यवाही नही हुई। मैंने संस्थान के चेयरमैन को भी एक चिट्ठी दिनांक 8-8-73 को लिखी थी और मुझे ज्ञात हुआ है कि मेरा पत्र संस्थान के डायरेक्टर को भेज दिया गया है। डायरेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि संस्थान में इस प्रकार के लोगों को संरक्षण प्राप्त है। जो उचित और जिन के हक हैं उन को हक नही मिल रहा है। जिन का हक नहीं है उन को ऊचा उठाया जा रहा है और उन को ऊंचे ग्रेड दिये जा रहे है। पत्र को पढ़ कर ऐसा आभास हुआ है कि संस्थान के अधिकारी दुश्चरित्र एवं बेइमान लोगो के विरुद्ध कार्यवाही करने के बजाय उन्हें संरक्षण देने का प्रयास करते रहे हैं। मैंने चेयरमैन के पत्र की एक प्रति माननीय मंत्री महोदय को अपने पत्र दिनांक 18-1-74 के साथ संलग्न कर के उन से निवेदन किया कि वे अपने 21-9-73 को दिये गये आश्वासन के अनुसार मामले की जाच करें उस पर उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें। जिस का कोई उत्तर मुझे प्राप्त नही हुआ है।

चेयरमैन के पत्र के उत्तर में मैंने पूर्ण रूप से विस्तृत विवरण देते हुए एक पर

18-2-74 को लिखा था और उस का रिमाइन्डर भी 19-3-74 को भेजा है जिस का उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है ।

उक्त संस्थान में जहां देश के भावी इंजीनियरों का निर्माण हो रहा है और जिस पर सरकार लाखों रुपया खर्च कर रही है कई कई दिनों तक बिजली एवं पानी गायब रहता है। पी० ए० सी० की रिपोर्ट के अनुसार उक्त संस्थान में बिजली का केबिल आवश्यकता से अधिक मात्रा में खरीदा गया है। और भी काफ़ी सुरक्षात्मक प्रबन्ध रहते हुए बिजली एवं पानी का कई कई दिनों तक गायब रहना दुर्भाग्य की बात है। ज्ञात हुआ है कि एक कर्मचारी द्वारा संस्थान के बिजली घर में गड़बड़ी पैदा कर छात्रावास को काफ़ी समय तक अन्धकार में डुबो दिये जाने की रिपोर्ट प्राप्त होने पर भी संस्थान के डायरेक्टर ने उस के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की।

लगभग दो वर्ष पूर्व संस्थान ने चार सब-स्टेशन के निर्माण का कार्य अपने हाथ में लिया था जिस के लिए सम्बन्धित व्यक्तियों को बराबर ओवरटाइम दिया गया परन्तु उन में से अभी तक एक भी सब-स्टेशन पूरा नहीं हुआ। इस प्रकार वहां सरकारी पैसे का अपव्यय कर के उस से कुछ विशेष व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है। संस्थान के कर्मचारियों द्वारा सरकारी सामान को बेचने और उससे अनुचित धन प्राप्त करने की रिपोर्ट प्राप्त होने पर भी ने डायरेक्टर आज तक न तो उस मामले की जांच ही करायी और न उस व्यक्ति के विरुद्ध कोई कानूनी कार्यवाही की है। इस कुकार्य के लिए शिक्षा मंत्री को 21-9-73 को मैं सूचित कर चुका हूं। मैं बगैर नाम लिए बताना चाहता हूं कि वहां पर एक ऐसे कर्मचारी हैं जिन को आई आई टी में 1966 में नियुक्त किया गया था और आज भी वह 250-470 के स्केल में चल रहे हैं। जब कि उन्हीं के साथी दूसरे कुछ ऐसे लोग हैं जो 28-10-63 को आये और उन्हें .....

MR. DEPUTY SPEAKER: Further details you can pass on to the Minister.

शिक्षा, और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उप-मंत्री (श्री डी० पी० यादव) यह सब लिख कर हम को दे दो दीजिए।

MR. DEPUTY SPEAKER: All these details you can give to the Minister. Now that you have mentioned it, the Minister will give you the reply. Let him look into it and give you a reply.

श्री मूलकी राज सैनी : इतनी उच्च शिक्षा वाले स्थान पर जहां जिम्मेदार लोग है वहां पर जब ऐसी स्थिति पैदा होती है तो संस्था का काम ठीक नहीं चल सकता और सरकार का जो बजट खर्च होता है वह बेकार जाता है। इसलिए मंत्री जी से पुनः प्रार्थना करता कि वह मेरी जो शिकायत है पूरी उस को पर्सनल देखें ताकि गड़बड़ न हो सके और जिन के साथ ऐसा हुआ है उनके साथ न्याय हो सके।

SHRI BISWANARAYAN SHASTRI (Lakhimpur): Education is a vast subject and the time at my disposal is very limited. Therefore, I will confine my remarks to certain aspects only.

In the Draft Fifth Five Year Plan we have seen that emphasis has been given on primary education. But even there, a certain percentage of students in the age group of 6—11 will remain outside the operation of the scheme of education. This is more so in respect of girl students. Therefore, I would

[Shri Biswanarayan Shastri]

suggest that more and more emphasis should be given on primary education so that during the period of the Fifth Five Year Plan all the children of this age group may have their education.

It is the knowledge of all members here that there is a demand for allocating 12% of the Budget for education, but we were disappointed to see that the percentage of the budget for education is much lower than the 12% and there is every cut on every pretext.

For example in the last financial year there were cuts on the different aspects of education on the pretext of economy. I do not deny that there is need for economy but this should not be applied to educate indiscriminately. Because, education, as we say always, is a nation-building project. Education should not be considered as a wasteful expenditure or unproductive expenditure because it is just like a foundation of a big building. If the foundation is not stable the building cannot be built up; there cannot be a 4-storey or 5-storey building without proper foundation. There cannot be a good citizen without proper foundation in education.

So far as languages are concerned we have switched over to the regional language as medium of instruction. There is some encouragement from the Government for preparation of text books in the regional languages to be prescribed for the students studying in the different universities. It is a good thing. But more emphasis should be there in other respects also for development of those regional languages. Otherwise as a national language, Hindi cannot grow. Because, there must be proper coordination among all the regional languages so that Hindi can take its proper place.

In this context I would like to plead and emphasise the case of Sanskrit, Urdu and Arabic which have no definite region or area as such. The Government of India of course has done something for all the languages but still more is awaited. So far as Sanskrit is concerned, the Rashtriya Sanskrit Sansthan has suggested and submitted a proposal to the Government for the establishment of a Central Manuscript Library which was very essential. Sanskrit is not to be viewed from a communal or religious point of view. It is a national language. We have seen even in Communist China they have printed Buddhist sanskrit texts. Some of them are translated into Chinese also and we are making use of them nowadays. Therefore Central Sanskrit Manuscript Library when established at Delhi will be an international property. I would urge upon the Minister to take immediate steps in this regard.

So far as the University Grants Commission is concerned, my experience is very disappointing. The University Grants Commission has been turned into a grant-giving institution as if they are meant for and their main purpose is to distribute grants to the different universities and colleges and to fix up plans and sanction projects for constructing the hostels and College buildings. *(Interruptions)*.

MR. DEPUTY SPEAKER: The two Ministers are adding force and volume to your speech! You are too soft-spoken.

SHRI BISWANARAYAN SHASTRI: University Grants Commission has done nothing so far which can be appreciated by the people. They may produce certain essays, certain thesis, sitting in their offices which are quite unrealistic to the mass of the people and to the educated people as well. Therefore I would urge upon the Minister to see that the University Grants Commission creates an atmosphere and takes initiative in this regard to reform the examination system practically which will be realistic and not by producing 100 page essay. They should take initiative for advancement of learning. It is repeatedly stated that they are going

to take steps for avoiding duplication of research and other higher standards of education in univerities. What is the result? In a particular State, for instance, there are seven, eight or nine universities where the same subjects are taught in all the universities. The research and other facilities for higher stndard of education that are there are not to the satisfaction. If a selective attitude has been taken by a particular university to specialise in a particular field, then that university will cater to the needs not only of that states but also will cater to the country as a whole. Such a selective attitude should be taken. U.G.C. should take the initiative in the matter.

So far as disbursement of grant is concerned, I have to complain that the rural colleges or, the colleges, situated in the rural areas, have not received the same attention as the colleges situated in urban areas do receive. Because the people or the representatives from urban area are more vocal, more grants are given to those institutions situated in those areas. So far as the amount of grant is concerned, there is a great disparity. For example, a college in a rural area, for construction of a hostel, will receive Rs. 40,000 or 50,000 or so as grant while a college situated in an urban area may receive Rs. 2 lakhs or 3 lakhs or even more. That disparity is still there. Even that small amount is not forthcoming to the rural colleges. I should say that there should be no discrimination and more liberal attitude should be taken to the colleges situated in the rural areas.

I would also like to refer to the cultural affairs. In the budget estimate, we see that a sum of Rs. 11 crores has been provided for cultural activities including archeology. Government of India have three academies and one International Centre. So far as the academies are concerned, the grant given to them is inadequate. The Sahitya Academy has to execute programmes in different languages. But, the grant for this institution is about Rs. 7 lakhs or something like that. If I am not wrong, 83 per cent of the grant is spent on administration alone. Therefore, there remains very little for the programme to be executed. I would suggest that for the schemes submitted by the Academy, more grants should be made available, particularly, to carry out programmes in different regional languages. Sangeet Natak Academy and Lalit Kala Academy are more fortunate in this respect. These two institutions are receiving higher amounts of grants than the Sahitya Academy. Buut, these two Academies have not reached the rural people so far. We have a vast majority of the people in our countryside, particulary tribals where there are folk dances and other dances. Sangeet Natak Academy has not done anything so far to bring in the experts or artistes from among them to the capital and produce them before the vast galaxy of the capital. If the activities are confined only to the States capitals and to the sophisticated areas, then, I should say, it is a capitalist attitude and it has nothing to do with the present structure of our society.

I would urge upon the Ministry to see hat Sangit Natak Academy and Lalit Kala Academy do something for the culture which is abundant in our countryside. They should know the Rustic India. Rustic India has many things to contribute for the cultural development of our country. In this respect also I would refer to cultural exchanges. There is a cultural exchange programme and the Government of India have entered into an agreement with different foreign countries for sending delegations. But the selection of the delegations is not satisfactory because the same group of persons have been selected and the fortunate ones visit those foreign countries. In the matter of selection of members of cultural delegations, consideration should be given to all parts of India because there are certain persons who are knowledgeable in art,

[Shri Biswanarayan Shastri]

culture, dance and different aspects of arts in different parts of India in different communities.

So far as distribution of grants to voluntary institutions is concerned, last year it has not been distributed due to measures of economy. I hope this year they will renew the scheme. Under this scheme, grants should be made available to all parts of the country. I have to say with disappointment that since the inception of this scheme, only two institutions in Assam have so far been given this grant during these 12-13 years. This is my information, subject to correction. So I say there should be more attention paid to the backward and far-flung areas of our country.

About the reservation of ancient monuments and sites, there is one aspect that has to be mentioned. The beauty of the ancient monuments and sites is spoiled or destroyed by ugly construction in the vicinity. Perhaps the Ministry has no control over this. So, if necessary, they should amend the Act to prevent such unnecessary construction of ugly structures spoiling the beauty of the monuments and sites.

Then there should be facilities in universities to train up students in epigraphy, numismatics and iconography. I hope the Ministry will pay attention to this matter. I support the demand.

श्री यमुना प्रसाद मंडल (समस्तीपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, समाज कल्याण और शिक्षा के बारे में मांग संख्या 24, 25 और 26 का मैं अनुमोदन करता हूं, हृदय से इसकी ताईद करता हूं। लेकिन इसके साथ साथ और भी बातें मैं कहना चाहता हूं जो हो सकता है कड़वी हों, मीठी न हों, अनपैलेटेबल हों। कई मेरे साथियों ने कहा है कि कई मदें हैं जिनमें बहुत कम राशि रखी गई है। करीब 22 करोड़ लोग जो पावर्टी लाइन से नीचे हैं उनके बच्चों को कुछ दिया जा सके, उसकी तरफ थोड़ा सा आपने ध्यान दिया है। पौष्टिक आहार, स्पेशल न्यूट्रिशन प्रोग्राम में आपने जो राशि दी उसको डेढ़ करोड़ से साढ़े चार करोड़ कर दिया है यह चिल्ड्रन चार्टर के मुताबिक है। 450 टाइम्स। चिल्ड्रन चार्ट्स के मुताबिक जो खर्च है उसके हिसाब में बताया गया है कि 1726 करोड़ है जो कि 4.6 प्रतिशत ही आता है। शिक्षा मंत्री महोदय ने छः अप्रैल को जब डिबेट चल रही थी क्या कहा था इसको अगर आप मुझे समय दें तो मैं पढ़ देना चाहता हूं। उन्होंने कहा था :

"I think it would not be out of place for me to mention here that comparatively larger funds have been allocated for education in the proposed *Fifth Five Year Plan.*"

मुझे दुख है, तकलीफ है, खेद है कि विद्वान प्रोफेसर ने किस तरह समझ लिया कि ये जो रुपये हैं इसमें केन्द्र के अलग हिस्से हैं, राज्यों के अलग हैं, सब शामिल क्षेत्रों को अलग देने हैं। मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि किस तरह से टोटल आउटले में इसका परसेंटेज घटता जा रहा है। 7 परसेंट था पहली योजना में। घट कर हुआ 5.8 करीब पौने छः परसेंट दूसरी योजना में। तीसरी योजना में यह आया 6.9 यानी करीब 7 परसेंट। चौथी योजना में घट कर 5.2 हो गया और अब जो गरीबी से लड़ने और मुकाबला करने का उल्लेख प्लान के हर पन्ने में किया गया है, आप फिफ्थ फाइव ईयर प्लान के पहले पार्ट के पहले चैप्टर और दूसरे चैप्टर की पहली पंक्ति को पढ़ें तो उस में इन्होंने कहा है कि गरीबी उन्मूलन और आत्मनिर्भरता ये ही मेरे मुख्य उद्देश्य और लक्ष्य हैं और हमारे शिक्षा मंत्री बहुत सन्तुष्ट हैं कि ये लार्जर फंड्स दिए गए हैं। यह विद्वान सभा ही बता सकती है कि किस तरह

से लोगों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में खिलवाड़ किया जाता है ? शिक्षा के किसी भी देश में इस तरह का खिलवाड़ चाहे वह शिक्षा का उद्देश्य हो या शिक्षा के सम्बन्ध में हो, नहीं किया जाता । यह हमारा दुर्भाग्य है कि हमारे यहां ऐसी स्थिति है ।

हमारे यहां गरीबी है, ठीक है, हम बहुत गरीब हैं और 22 करोड़ गरीब लोगों के लिए का फी कुछ करने का उद्देश्य है । साढ़े चार सौ करोड़ आपने न्यूट्रीशन प्लान पर दिया है । डेढ़ करोड़ पहले देते थे । इसका मैंने पहले भी स्वागत किया और अब भी इसका स्वागत करता हूं । अब ये राज्य किस तरह से खर्च करते हैं इसकी तरफ ध्यान ले जाना चाहता हूं । आन्ध्र प्रदेश बड़ा भाग्यशाली है कि 177.4 पर कैपिटा बजटेड एक्सपेंडीचर है एजूकेशन पर, यह 1972 की बात मैं बताता हूं और मैं एक ऐसे राज्य बिहार से आता हूं जिसकी गाथा कहते मुझे लज्जा आती है, सिर झुक जाता है । हमारी पर कैपिटा इनकम सारे देश में तीसरे नम्बर पर थी और अब वह 19 वें स्थान पर आ गई है । मैं अपना सिर झुका लेता हूं, हमारे यहां पर कैपिटा बजटेड एक्सपेंडीचर एजूकेशन पर 10 3 है—लोएस्ट इन दि वर्ल्ड, लोएस्ट इन दि कन्ट्री, परहैप्स लोएस्ट एमंग दि लोएस्ट है । यह हमारी हालत है । मैं इसलिये भावुक हो कर नहीं दुखी होकर कहता हूं कि हमारी गरीबी का यह भी एक कारण है कि उसकी तरफ ख्याल नहीं किया जाता ।

SHRI MANORANJAN HAZRA (Arambagh) Then why are you supporting these demands for grants?

SHRI YAMUNA PRASAD MANDAL Because you are opposing; because we are poor and we have every right to ask our Government to look to the most backward States. Please let me say something

हमारे मित्र का कहना बड़ा सही है लेकिन उनको पता नहीं है कि देश में कितना काम हो रहा है । सी० पी० एम० वाले तो एक तरह का तस्वीर खींचना चाहते हैं ।

कई लोगों ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बदलना चाहिये । ठीक है । आप के० वी० एस० के नाम पर एक सस्था रखते हैं, केन्द्रीय विद्यालय संगठन । मैं दबी जबान से कहता हूं कि यह के०—केन्द्र के लिये है या किरानी विद्यालय के लिये है, आप किरानी देना चाहते हैं ? मैं शायद कुछ गलती कर गया, यह मैकाले विद्यालय की तरह है । सरकार ही अगर एक आदर्श नहीं रखेगी और शिक्षा को वोकेशनलाइजेशन की तरफ नहीं ले जायगी उसको कार्योन्मुख नहीं बनायेगी तो फिर हमारा भाग्य कौन ठीक करेगा ? दो दो विद्वान प्रोफेसर इसमें हैं और ये पैंडागागी जानते हैं, पैंडोगागी के बड़े विद्वान हैं फिर भी क्या होना चाहिये, किस तरह हम आगे चल सकेंगे, यह कुछ सामने नहीं आ पाता है । यह तो बिल्कुल ये जो दो प्रोफेसर हैं वे जानते हैं और नेता जी भी हैं वे तो खेल के नेता हैं मैं उन्हें भी दो-चार सुझाव देना चाहता हूं और दो चार बातें अगर मैं कहूं तो मैं समझता हूं—वे उसके ऊपर ध्यान देंगे । देश में केरल में काफी सिट्रेसी है वह हम लोगों के लिए एक लाइट है, हम लोगों का पथ प्रदर्शन करती है कि वे कम से कम खर्च करके शिक्षा का इतना प्रसार अपने यहां किये हुए हैं । वे 35.4 पर-कैपिटा इन्कम का खर्च करते हैं फिर भी वहां किस तरह से बच्चियां और बच्चे सब पढ़ते लिखते हैं । बिहार की बच्चियों को स्कूल जाने का बहुत कम मौका मिलता है और जब एनरोल किया जाता है तो उन्होंने फैक्ट्स एण्ड फीगर्स का एक छोटा सा महल रखा है । जिस तरह से सारे सागर को आप लोगों ने इस रिपोर्ट की गागर में भर दिया है मैं उसकी ताइद करता हूं और प्रशंसा करता हूं कि सारे देश की शिक्षा की एक साल में जितनी हुई उसको आपने उस रिपोर्ट में रख दिया है । उस रिपोर्ट को मैं गागर

[श्री यमुना प्रसाद मंडल]

कहता हूं । उस गगरी में क्या है उस को यही बता सकते हैं । एक चीज मैं बताऊं—

"All education is free in two States of the Union. The entire education is free in six States. Primary education is free in all States except three where it is so only upto certain classes or for some sections of students"

मेरा यह सब पढ़ने का मतलब यह है कि जो बिहार राज्य गरीब है, जो सब से नीचे है, जो तीसरे स्थान से गिरते-गिरते अब सब से आखिर में चला गया है, शायद मेघालय और दूसरा एक राज्य और उससे भी नीचे है क्योंकि वहा पहाड़ी इलाका है, तो ऐसे राज्यों की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिये ।

अभी हमारे आदरणीय मित्र विश्वनारायण शास्त्री जी ने संस्कृत की बात कही । वह देव-भाषा है, देव-वाणी है । सारे कल्चर की बात उससे उत्पन्न होती है । पंडित लोग बड़े विद्वान कहे गये हैं, मैं तो चाहूंगा कि इसकी रक्षा की की जाय । मगर आज आपने राष्ट्र भाषा और राज भाषा को भुला दिया है । आप हिन्दी के प्रति इतना प्रतिकूल ख्याल रखते है, आप कभी कहते हैं कि यह होम मिनिस्ट्री की जिम्मेदारी है, कभी आप अपने जिम्मे लेते हैं । हमें पता नहीं लगता है आप इस राजभाषा को जनता की भाषा बनाएंगे या कौन सी भाषा बना कर रखेंगे ? मुझे बड़ी तकलीफ है और मैं कहना चाहता हू कि इस तरह से जो आपने पृष्ठ 11 में दिया है कि सारा देश इससे असन्तुष्ट है । इससे बढ़ कर असन्तोष शायद ही किसी विषय को लेकर देश में हो सके ।

. . . [illegible] के खेल राष्ट्रीय उपमंत्री [illegible] जी की बात देख रहा हूं कि किस तरह हम स्पोर्ट्स में, खेल-कूद में और शारीरिक शिक्षा में गिरते जा रहे हैं । हाकी में हमारा सब से ऊंचा स्थान, विश्व में सब से ऊंचा स्थान था । एशिया में हम सब से अच्छा काम कर रहे थे । यहां खेल होने को था । सारे विश्व के लोग आने वाले थे और क्या हुआ ? जाने नेता साहब और जानें ये मिनिस्टर लोग ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: That was discussed in the House.

श्री यमुना प्रसाद मंडल : आप जानते हैं कि 1947 की 14 अगस्त की अर्द्ध रात्रि में हमारे महान नेता नेहरू ने क्या कहा था ? वह पढ़ कर मैं खत्म करूंगा । उन्होंने कहा था—

"भविष्य आराम से बैठने या दम लेने के लिए नहीं, बल्कि निरन्तर और भरसक मेहनत करने का है जिससे कि हम उन प्रतिज्ञाओं को पूरा कर सकें जो कई बार हमने की हैं ।"

खासकर फिफ्थ फाइव ईयर प्लान के सैकंड पैराग्राफ की प्रथम पंक्ति में भी हम ने ये शब्द कहे हैं । उन्होंने आगे कहा है—

"भारत की सेवा का अर्थ करोड़ों दीन दुखियों की सेवा है । इसका अर्थ गरीबी, अज्ञानता, बीमारी और अवसर की विषमता को समाप्त करना है ।"

मैं सरकार से कहूंगा कि यह विषमता क्यों ? कोई पब्लिक स्कूल में पढ़े, कोई वृक्ष के नीचे भी न पढ़ सके, ऐसी विषमता अब नहीं चलेगी । मगर आप ऐसी विषमता

करते हैं तो उस बड़े लीडर के, जो स्वर्ग में है, उसके खिलाफ काम करते हैं। प्रत्येक बात की आपको सोचना होगा। अगर आप नहीं सोच सके और उसको नहीं बचा सके तो आप मिट जायेंगे, ठहर नहीं सकेंगे। ऐसा करना हमारी शक्ति से परे हो सकता है पर जब तक आंसू हैं, दुख और पीड़ा है, तब तक हमारा काम पूरा नहीं हो सकता। इसलिये हमें मेहनत करनी है, कठिन परिश्रम करना है ताकि हमारे सपने साकार हो सके।

इसलिये हमें स्व० नेहरू जी के इरादों पर चलना है ।

SHRI N. E. HORO (Khunti): Sir, I do not understand why the Education Ministry of a great country like India is not presided over by a Cabinet Minister.

MR. DEPUTY-SPEAKER: It was, just two years ago.

SHRI N. E. HORO: I take it that the Union Government is not giving much importance to this department. Otherwise, it would have been presided over by a Cabinet Minister. This department has been neglected badly. Everybody in the entire country is saying that our standard of education has gone down. There is much indiscipline in universities and colleges and in society itself.

Education should be a Central subject. I feel the entire educational systhem should be reoriented and vocational guidance should be an integral part of secondary education. Many people have said that education should be job-oriented. This universal demand should be looked into.

In university education, the University Grant Commission has been helping a lot through allotting funds, but I feel only a few privileged universities have benefited by this. There are many universities especially in eastern India, which have yet to get substantial grants from the UGC. In my area in Bihar, there are several colleges which are starving because they do not have sufficient funds. Those colleges are situated in areas populated largely by scheduled castes and scheduled tribes. Is it not the duty of the Education Ministry to look into it and see that UGC gives sufficient funds to the universities of that area? Some years ago there was a demand that Ranchi University should be converted into a central university. I do not know what has happened to it. But if the Government cannot agree to converting it into a central university, I want that a central university in Chotanagpur in Bihar should be started.

In several languages books are being published. There is National Book Trust. But I feel the Government have given only lip sympathy towards advancement of tribal languages. Why can't the Government take up this work? There should be more books produced by the Government in tribal languages. In eastern India where there is a large tribal population it is necessary that they should get education through the mother tongue I have been hearing that the Government is very sympathetic towards the condition of Adibasis, Scheduled Castes and Scheduled Tribes There is one aspect which the Government should take up immediately, namely producing literature in tribal languages This will go a long way in integrating the tribes of India and make them into good citizens.

Coming to adult education, I feel this has been neglected to a great extent. Adult education should be spread over the entire country. There should be a system by which all the villages are covered. The Union Government might say that this responsibility is with the State Governments. But if the Centre give proper direction and sufficient funds to the States to run this scheme, our country, which is still illiterate to a great extent, will have a large percentage of education

[Shri N. E. Horo]

in a few years. Since adult education and social education are the responsibilities of the Union Government, I would ask the Minister to consider this in right earnest.

In the field of social welfare, sports and cultural activities, I may point out that there was a time when India was at the top, specially in hockey. I want the Education Department to consider one point, namely, the opening of some regional commissions or committees. There should be a commission or committee for eastern India for developing sports and other cultural activities. There is much scope for it and you have funds. At the moment everything is centralised at one point and there is always struggle for power or office, like the one we have been hearing about the Indian Hockey Federation. If you decentralise this function and give sufficient funds to the different regions to organise themselves, they would give more emphasis to encouraging sportsmen and giving them training and in the days to come we will be one of the countries at the top in the field of sports.

If you look at the scheme of giving financial aid or stipends to the Scheduled Castes and Tribes, you would find that the amount was fixed years ago. Now the cost of living has gone up very much. The Government should reconsider this and give increased stipends, commensurate with the increase in the cost of living.

Very little has been done in the field of doing justice to the mentally retarded and crippled people. The Government should see that the different State Governments and also the voluntary agencies are geared up in order that millions of mentally retarded and crippled people could be looked after. I want the Union Government to consider these suggestions of mine in right earnest.

15 hrs.

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उप-मंत्री (श्री डी० पी० यादव) : उपाध्यक्ष जी, माननीय सदस्यों के विचार सुनने का मुझे अवसर प्राप्त हुआ है । मैं अपना अनुग्रह व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे भी बोलने के लिए समय दिया । कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन पर हमारे सहयोगी श्री अरविन्द नेताम जी बोल चुके हैं, उन पर मैं नहीं बोलना चाहूंगा और अन्त में हमारे शिक्षा मंत्री जी भी इस बहस को सम-अप करेंगे और पालिसी मैटर्स पर उनके विचार सदन में आयेंगे । लेकिन कुछ ऐसी समस्यायें हैं जिनसे मेरा सीधा सम्बन्ध है और उन पर मैं कुछ प्रकाश डालना चाहूंगा । खास कर यहां पर सेंट्रल स्कूल के सम्बन्ध में कहा गया है, हिन्दी के सम्बन्ध में कहा गया है, एडल्ट एजुकेशन के सम्बन्ध में कहा गया है और इसके अतिरिक्त स्टूडेन्ट प्रोब्लेम पर भी मैं कुछ बोलना चाहूंगा ।

सब से पहले केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कार्यकलापों के ऊपर जो संतोष माननीय सदस्यों ने यहां पर प्रकट किया है उसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं । कम से कम यह एक ऐसा संगठन है जिसका सदन के सारे सदस्यों ने सराहा है और यह मांग की है कि देश के देहाती क्षेत्रों में भी केन्द्रीय विद्यालय खोले जायें । हमारे साधन सीमित हैं इसलिए हम वादा नहीं कर सकते हैं कि हम देहाती क्षेत्रों में भी केन्द्रीय विद्यालय खोल सकेंगे । केन्द्रीय विद्यालयों का जो उद्देश्य था वह यह था कि भारत सरकार में काम करने वाले सरकारी कर्मचारीगण जो प्राय. ट्रांसफर पर जाया करते हैं, उन के बच्चों की शिक्षा का क्या होगा. उनकी समान शिक्षा के लिए एक माध्यम ढूंढा जाये अतः हमने इस संगठन का निर्माण 12 साल पहले किया था । इसमें खास कर सेना के लोग, जो हमारे और राष्ट्र के प्रहरी हैं, उनकी सुख सुविधा के लिए, उनके बच्चों के लिए इस पर ज्यादा जोर दिया गया और आज देश में करीब 180 केन्द्रीय विद्यालय काम कर रहे हैं ।

श्री विभूति मिश्र (मोतीहारी) . किसान खाना न दे तो वहीं मर जायेंगे वे लोग ।

श्री डी० पी यादव : किसान को भी खाना देना पड़ेगा अपनी सेना को और सेना को भी अपने किसानों की रक्षा करनी पड़ेगी । यह तो रेसिप्रोकल है और इसी सम्बन्ध को बनाने के लिए हम यहां पर बैठे हुए हैं ।

श्री विभूति मिश्र : केन्द्रीय विद्यालय गांवों में खोलिए ।

श्री डी० पी यादव : हाल्दर जी ने जो यहां पर कहा, मैं समझता हूं उनके मन मे कुछ भ्रान्ति हो गई है कि कौस्ट रेशियो कुछ ज्यादा है । नान-रेकरिंग पैसा जो खर्च होता है, नये नये विद्यालय बनाने के लिए, उस पैसे को भी जोड़ कर वे कहते हैं कि एक लड़के पर 600 रुपए खर्चा होता है । ऐसी बात नहीं है कि एक लडके पर 600 रुपए खर्चा होता है । जहां तक मेरा अपना कैल्कुलेशन है एक बच्चे पर रेकरिंग कौस्ट 410 रुपया सालाना जरूर आती है । लेकिन यह क्यों आती है इसके भीतर हमको जाना होगा और देखना होगा क्योंकि ऐसी ऐसी जगहो पर केन्द्रीय विद्यालयो की स्थापना की गई है जो बहुत हार्ड स्टेशन्स हैं जहां पर लड़के बहुत कम हैं । लेकिन जहां पर हमारी सेना का डिपो हो या इस्टैब्लिशमेंट हो वहां पर विद्यालय देना पड़ेगा । ऐसी स्थिति मे हमको हार्ड स्टेशन्स के लिए केन्द्रीय विद्यालय खोलने पड़े हैं और हम अपनी सेना के लिए जो हमारी रक्षा करती है, उसकी सुख सुविधा के लिए, उनके बच्चों के लिए हार्ड स्टेशन्स पर अधिक से अधिक सेन्ट्रल स्कूल खोलेंगे ।

जहां तक विभूति मिश्र जी का सवाल है और हमारे जगन्नाथ मिश्र जी ने भी कहा है कि देहाती क्षेत्रों में स्कूल खोलने चाहिएं सो हमारे शिक्षा मन्त्री, प्रो० नूरुल हसन जी ने इस बात को कहा है कि हम ऐसे काम्प्रिहेंसिव स्कूल की स्थापना करना चाहते हैं जो हमारे राष्ट्र निर्माण में, हमारी आर्थिक मदद करने में हमको सहायता पहुंचाये और ऐसे कांम्प्रि-हेंसिव स्कूल की योजना हमने बनाई है ।

श्री जगन्नाथ मिश्र (मधुबनी) : किस क्षेत्र में खोलना चाहते हैं यह स्पष्ट कर दीजिए ।

श्री डी० पी यादव : ऐसी काम्प्रिहेंसिव शिक्षा की हमारी योजना है और माननीय सदस्यो ने जो असन्तोष प्रकट किया है और कहा है कि कांम्प्रिहेंसिव स्कूल आप खोलें तो हम कोशिश करेंगे कि इस क्षेत्र में माननीय मदस्यों की इच्छा का भी ध्यान रखा जाए । आपने जो हमारी मदद की है डिबेट मे कि इसके लिए पैसे का आवटन हो, इसके लिए हम प्लानिंग कमिशन और फाइनेंस मिनिस्ट्री के पास जायेंगे ।

श्री समर गुह (कन्टाई : प्लानिंग कमिशन तो आपकी बात सुनता नहीं है ।

श्री डी० पी यादव : जाना तो पड़ेगा ।

प्रपोर्शन के बारे में मैं कह चुका हू कि 1-21 का प्रपोर्शन जो कहा गया उसमें हार्ड स्टेशन्स के लडकों की संख्या भी आ गई है लेकिन शहरो मे जो केन्द्रीय विद्यालय हैं वहां पर 1-35 या 1-40 का रेशियो है जो इण्डियन एवरेज के आस पास ही आता है । मैं श्री विभूति मिश्र, श्री जगन्नाथ मिश्र और श्री हाल्दर जी को यह जरूर आश्वासन देना चाहूगा कि राष्ट्र की शिक्षा का किस प्रकार से माडल स्वरूप बनाया जाये इसके लिए केन्द्रीय विद्यालय समठन कोशिश कर रहा है । इस बात का आश्वासन मैं आपको दे सकता हू ।

[श्री डी० पी० यादव]

कुछ माननीय सदस्यों ने शंका प्रकट की है कि केन्द्रीय विद्यालयों में अच्छे, उच्च वर्ग के जाते हैं, उच्चपदस्थ लोगों के ही जाते हैं। (व्यवधान) केन्द्रीय विद्यालय में एडमीशन का कोई रेस्ट्रिक्शन नहीं है और आज मुझे कहते हुए खुशी हो रही है कि सारे देश में जो विद्यार्थियों की परीक्षा सेन्ट्रल एग्जामिनेशन बोर्ड से होती है उसमें आज केन्द्रीय विद्यालय का स्थान बहुत ऊंचा आ गया है और बहुत सारे पब्लिक स्कूल्स जिनके बारे में लोग बहुत चिन्तित हैं उन पब्लिक स्कूल से केन्द्रीय विद्यालय का स्तर ऊंचा हो गया है और अब उनको लोग सम्मान की दृष्टि से देखने लगे है। अतः इसमें चिन्ता करने की कोई बात नहीं हैं और यह आवश्यकता नहीं है कि पब्लिक स्कूलों को तोड़ दिया जाये या उनको हटा दिया जाये। केन्द्रीय विद्यालय आपके हैं, सरकार उनको चलाती है जिसमें ऊपर से लेकर नीचे तक, क्लास फोर, भी, सभी के बच्चो के एडमीशन होते हैं। यदि एक भी एडमीशन हमको कोई बता दे जिसमे डिस्क्रिमिनेशन हुआ है तो उसमें सख्त कार्यवाही की जायेगी इस बात का आश्वासन मैं आपको देना चाहता हूं।

श्री दामोदर पांडे (हजारीबाग) : जो सरकारी आदमी है उनके बाल-बच्चो को उसमें लिया जाता है लेकिन वहीं के नागरिको के लड़के जो अधिक तेज रहते है, पढ़ने-लिखने मे होशियार भी रहते है उनको न लेकर प्रिफेन्स सरकारी नौकरो के लड़को को ही दिया जाता है तो क्या आप इस बात की व्यवस्था करने जा रहे हैं कि जो मेरिटो रियल लड़के हों उनको केन्द्रीय विद्यालयो में ले लिया जाये ?

श्री डी० पी० यादव : दामोदर पांडे जी ने जो शंका प्रकट की है उसके सम्बन्ध मे मैं मैं पहले ही निवेदन किया है कि प्राइमेरिली यह विद्यालय केन्द्रीय सरकार में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए हैं लेकिन जहां जहां स्थान खाली हुआ है हमने मेरिट पर एडमीशन किया है और करेंगे भी।

स्टूडेन्ट प्रोब्लम को लेकर बहुत सारे सदस्यो ने यहां पर गम्भीरता से अपने विचार व्यक्त किए हैं। इस पर विस्तार से तो हमारे शिक्षा मन्त्री जी कहेंगे लेकिन विभूति मिश्र जी ने बिहार को लेकर एक सवाल उठाया था और सत्येन्द्र नारायण सिन्हा जी ने भी कहा था कि बिहार के छात्रों को आप बुलायें, शिक्षको को बुलायें तो मैं अर्ज करना चाहता हूं कि 18-19 तारीख से जो घटनायें वहा घटी है वह खेद जनक घटनायें हैं, उसके लिए मैं भी बिहार गया था और छात्र संघ के बहुत सारे लोगों से मिला शिक्षक संघ से मिला, सभी लोगो से मैं ने बातचीत की और वहा मैंने यह ऐलान भी किया था कि आप अगर यह अनुभव करें कि केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय में कोई स्टूडेंट सेल खोलने की आवश्यकता पड़े तो हम उसमे आपका सहयोग चाहेंगे, उस बात को मैं यहां फिर दोहराता हू कि आप इसमे अगुवानी कीजिए और विद्यार्थियो के लिए जो भी सुख सुविधा केन्द्र या राज्य सरकारें दे सकती है वह देंगी। इसमे कोई भी हम को आपत्ति नहीं होगी। और आप ही नहीं मिश्र जी बल्कि मैं तो सभी अपोजीशन के माननीय, सदस्यो से कहूंगा कि विद्यार्थियो के जो मौलिक प्रश्न है, उन के खाने पीने का, रहने का, उन के कागज आदि के जितने भी प्रश्न हैं, कोई बहुत बड़ी चीज नहीं है, अगर शान्ति से बैठे तो उन को सौर्ट आउट कर सकते हैं। विरोधी दलों के माननीय सदस्यो से निवेदन करूंगा कि यह जो स्थिति है उस का दुरुपयोग न करे, विद्यार्थियो को इस प्रकार से गुमराह भी नहीं करना चाहिये हम लोगो को। मैं आप को भी इनवाइट करता हूं, मैं आप के साथ काम करने को तैयार हूं विद्यार्थियों की समस्या के समाधान के लिये।

श्री समर गुह : छात्र परिषद् को पहले डिसोल्व कर दीजिये, और संस्थायें भी जो हैं उन को भी डिसोल्व कर दें। यह पहला कदम होना चाहिये।

श्री डी० पी० यादव : छोड़ दीजिये अभी छात्र परिषद् की बात समर जी। मैं तो पूरे विद्यार्थी वर्ग की बात कह रहा हूं। छात्र, शिक्षक हम सबों साथ बैठा दें।

माननीय मधु लिमये जी, छात्रों और नौजवानों की बात प्राय: कहा करते हैं, वह इस समय सदन में नहीं हैं, मैं आप के जरिये उन को भी कहना चाहूंगा कि माननीय लिमये जी जो भी सुझाव हम को देते हैं उसका एक माडल कहीं तैयार करके अच्छा हो अपनी कांस्टीट्यूऐंसी में बना लें, हम सारे इनपुट्स उन को देंगे समर बाबू इस को आप नोट कर लें। तो मुझ को भी सुविधा होगी काम करने में। जो स्टूडेंट्स प्रोबलम को सोल्व करने में सहायक हो, ऐसा इंस्टीट्यूशन बनाने के लिये हम उन्हें सहायता देंगे। लेकिन एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि छात्रों को गलत तरीके से गुमराह करने की प्रवृत्ति त्यागनी होगी। आज हम पावर में हैं कल आप हो सकते हैं, इस की कोई बात नहीं है लेकिन छात्रों को गुमराह करना त्यागना होगा। जो उन की बेसिक नीडस है उस में कैसे सहायता पहुंचे इस बारे में हम आप का सहयोग चाहेंगे।

इस के बाद कुछ ऐसा वर्ग भी है जो कालेज या स्कूल ड्राप आउट्स उन तमाम मुद्दों पर ध्यान देने के लिये अगर आप रिपोर्ट के पृष्ठ 73 को देखें तो आप पायेंगे कि हम ने सारे देश में अभी करीब 100 नेहरू युवक केन्द्रों की स्थापना की है और अगली पंचवर्षिय योजना में पिछली बार भी कह चुका हूं सारे देश के हर एक जिले में नेहरू युवक केन्द्र की स्थापना करेंगे। इस का एक ही उद्देश्य है कि कालेज और स्कूल ड्राप आउट्स, लिट्रेट्स और इल्लिट्रेट्स जो भी पोटेंशियल यूथ कोर्स हमारे देश में हैं, उस को राष्ट्र निर्माण में किए प्रकार लगावें। उस का एक समायोजन, उस का इंटेग्रेटेड डेवलपमेंटल प्रोग्राम बनाने के लिये नेहरू युवक केन्द्र की स्थापना की गई है। आवंटन कितना है यह इस में दिया गया है। साथ साथ यह भी है कि सिर्फ शिक्षा मन्त्रालय ही नहीं, अन्य मन्त्रालयों से कोआर्डिनेशन कर के एन० एस० एस० प्रोग्राम को चलायेंगे। और इस बार हम एक नेशनल सर्विस वोलेन्टीयर स्कीम भी चलाने जा रहे हैं, जिस पर मन्त्री महोदय प्रकाश डालेंगे। उस सारे प्रोग्राम को इंटेग्रेट कर के राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में कितना अधिक काम कर सकेंगे इस का हम को चिन्तन करना होगा।

हम एक नया प्रोग्राम और उठाने जा रहे हैं और वह यह है कि आज देश में 80 लाख ऐसे लोग हैं जो आंखों के रोग से पीड़ित है, हजारों चेचक की बीमारी से पीड़ित हैं। हमारे देश में कोई भी व्यक्ति नेत्रहीन हो इस को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। अत: इस बार हमारा मन्त्रालय स्वास्थ्य मन्त्रालय के साथ मिल कर राष्ट्र के बहुत से युवकों को यूथ अगेन्स्ट डिजीज प्रोग्राम के अन्तर्गत लायेगा। इस के लिये पैसे तो सब को नहीं दे सकते, यह सम्भव भी नहीं है। लेकिन सीड मनी की जो आवश्यकता है उस में करीब 20 लाख का आवंटन हुआ है और खास कर में बंगाल बिहार, उड़ीसा एवं उत्तर प्रदेश के शासनों का आव्हान करता हूं कि एक बीमारी चेचक है उस को ही इरेडीकेट कर दें तो बहुत बड़ा कल्याण हम देश का करेंगे। छात्रों की, नवयुवकों की शक्ति का सदुपयोग किया जाय इस में हम आप का सहयोग चाहते हैं। राष्ट्र का निर्माण हो, सारी बीमारियों का उन्मूलन हो, इसलिये यूथ अगेन्स्ट डिजीज प्रोग्राम सारे देश में चालू किया है। इस प्रकार जो डिवेलपमेंटल

[श्री डी० पी० यादव]

डिवीजेज सात आठ देश में हैं उन को समाप्त किया जाय इस के लिये ठोस कार्यक्रम चलाना होगा, ठण्डे दिल से।

जहां तक हिन्दी के प्रोग्राम की बात है। तो मैं माननीय सदस्यों का ध्यान अपनी रिपोर्ट के पेज 75 से ले कर 90 तक की ओर दिलाना चाहता हूँ। इस में जो आवंटन राशि है उस का विवेचन करने से कोई फायदा नही है। लेकिन मुझे खुशी है कि नान-हिन्दी स्पीकिंग स्टेट्स में हम ने पिछले साल जो शिक्षकों की बहाली की है हिन्दी पढ़ाने के लिये उस मे 22,000 शिक्षक नियुक्त कर चुके हैं पुनः आगे आने वाले पांच साल के अन्दर 22,000 तो कंटीन्यू रहेंगे ही 10,000 हिन्दी शिक्षक और बढ़ाने जा रहे हैं। और मैं समझता हू यह एक मैसिव प्रोग्राम है जिस मे आप को सहयोग देना चाहिये। आप को जानकर खुशी होगी कि हम ने हिन्दी के विकास के लिये कोई भी कसर नही उठा रखी है।

अन्य भाषाओं का जहा तक सवाल है, संस्कृत का सवाल माननीय डी० सी० गोस्वामी, माननीय शिवनाथ सिंह, माननीय दीक्षित और शिव कुमार शास्त्री जी ने उठाया है माननीय बी० एन० शास्त्री भी संस्कृत पर बोल रहे थे, मैं उन से कहना चाहूगा कि संस्कृत के विकास का जहा तक सवाल है, आकड़े से जरूर पता चल जायेगा कि द्वितीय योजना मे संस्कृत के विकास के लिये हम ने सिर्फ 5 लाख रु० रखा था। तृतीय योजना मे 75 लाख रु० था जो चौथी योजना मे 2.75 करोड़ रु० हो गया और पांचवे पंचवर्षीय योजना मे संस्कृत के विकास के लिये हम ने 5 करोड़ 20 लाख रु० की राशि रखी है।

15 17 hrs

[SHRI NAWAL KISHORE SENHA *in the Chair*]

माननीय बी० एन० शास्त्री ने सेन्ट्रल संस्कृत मैनुस्क्रिप्ट लाइब्रेरी का सवाल उठाया है। मैं कहना चाहता हूँ कि अगले पांच साल में हम एक सेंट्रल संस्कृत रेफरेंस लाइब्रेरी किसी न किसी विद्यापिठ में खोलेंगे, उस की जांच पड़ताल हो रही है और हम आशा करते हैं कि मैनुस्क्रिप्ट लाइब्रेरी अगले पांच साल में अच्छे रूप में किसी न किसी विद्यापीठ मे हम खोल देंगे।

माननीय डी० सी० गोस्वामी ने एक प्रश्न उठाया था कि बिजाली प्रमतिशील असोसिएशन आसाम मे है उस को पैसे की कमी हुई है। राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रचार के लिये उन्होने पैसा मागा था जो हम ने कम दिया। ऐसी बात नही है मैं ने कागज देखे उन्होने जितने शिक्षक मागे थे उतने शिक्षक हम ने दे दिये और आसाम के कोटे मे जो हिन्दी शिक्षक हैं वह भी आसाम सरकार ने जितना मागा था वह प्रायः हम ने दिया है।

रह गई बात अरेबिक उर्दू अदर इण्डियन लैंगुएजेज की। इन सारी भाषा के विकास के लिए पंचवर्षीय योजना मे हम ने 10 करोड रु० रखा हैं और जो प्रथम साल खर्च होना होगा वह होगा लेकिन अन्य भारतीय भाषाओं के विकास के लिये मैं कहना चाहता हू कि पैसे की कोई कमी नही होगी।

श्री जगन्नाथ मिश्र (मधुबनी) : अभी बताया है मंत्री जी ने भाषाओं के विकास के लिए तथा अन्य कामो के लिए मैं पैसे का अभाव नही होने दूगा। यह खुशी की बात है और इसके लिए वह धन्यवाद के पात्र है। इसी सदर्भ मे मैं उनका ध्यान बिहार मे स्थापित यूनिवर्सिटियो की ओर ले जाना चाहता हू। इस क्रम पे मैं मिथिला यूनिवर्सिटि का नाम लूगा। वहा पर हर काम व्यापकता से चल रहा है। लेकिन यू जी सी उसको ग्रांट नही दे रही है? मैं आग्रह करूगा कि बार बार उस यूनिवर्सिटी द्वारा और हम लोगों के द्वारा

श्री मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया है लेकिन अभी तक कुछ नहीं हो सका है। इस पृष्ठभूमि में क्या आप उस यूनिवर्सिटी को उचित तथा यथेष्ट धनराशि देने के प्रश्न पर विचार करेंगे।

श्री डी० पी० यादव : इसका जवाब शिक्षा मंत्री देंगे। उन्होंने इस को नोट कर लिया है।

शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मंत्री (प्रो० एस० नूरुल हसन) इसका कई मर्तबा जवाब दिया जा चुका है। बार बार वही बात क्यों कहलवाते हैं ?

श्री जगन्नाथ मिश्र : वह नकारात्मक जवाब है। इस वास्ते बार बार कहना होगा जब तक आप कृपा करके उस यूनिवर्सिटी को धनराशि नहीं देते आप से अपील करनी होगी कि उस यूनिवर्सिटी को धनराशि देने के मामले पर आप गम्भीरतापूर्वक और सहृदयता पूर्वक विचार करें।

श्री डी० पी० यादव : हालदर जी और सुधाकर पांडेय जी ने एडल्ट एजकेशन पर गहरी चोट की है और कहा है कि हम उस में फेल हो गए है। मै मानता हू कि एडल्ट एजुकेशन के क्षेत्र मे जितनी प्रगति होनी चाहिये थी, नही हुई है। मै इसको खुद मानता हु कि हम उतनी प्रगति नही कर पाए है। लेकिन एक बात जरूर है कि यह विषय राज्य का विषय है, शिक्षा का विषय राज्य का विषय है और हमने कोशिश की है कि राज्य सरकारो से आने वाली जो स्कीमे है उन मे एडल्ट एजकेशन की बाबत भी, उसके लिए भी पैसा दिया जाए और पैसा दिया गया है।

बम्बई फंक्शनल लिट्रेसी के बारे मे एक प्रश्न शायद गौस्वामी जी ने उठाया है कि उसको ज्यादा पैसा दिया गया। मैं आपको कहना चाहता हू कि आप वालंटरी संस्थाएँ कायम करें, पैसे की कमी आपको नहीं होने दी जाएगी, एडल्ट एजुकेशन में पैसे की कमी आपको हम नहीं होने देंगे। जिस संस्था के संचालक आप होंगे अगर उसका पैसा कोई खा जाए तो मैं क्या करूं लेकिन मैं आपको आश्वासन देना चाहता हु कि एडल्ट एजुकेशन प्रोग्राम के सुसचालन के लिए पैसे की कोई कमी नही आने दी जाएगी। तेजी से और मजबूती से हम को काम करना होगा। इस मे आप सब के सहयोग की आवश्यकता है। जब तक यह प्राप्त नही होता है तब तक एडल्ट एजुकेशन मे सफलीभूत हम नही हो सकते हैं।

फक्शनल लिट्रेसी प्रोग्राम का जहा तक सम्बन्ध है 106 जिलो को हमने इस मे लिया है और कुछ और जिले इस मे लिए जाएंगे। नेहरू युवक केन्द्र के माध्यम से और एन एस एस के माध्यम से तथा दूसरी वालेंट्री एसोसिएशन के माध्यम से जब तक आप सारे काम को कोआर्डिनेट नही करेंगे तब तक फक्शनल लिट्रेसी का प्रोग्राम सकसैसफुल नही हो सकता है। सरकार आपको सीड मनी जरूर . .

सभापति महोदय क्या आप का ध्यान इस सुझाव की ओर गया है जो कई माननीय सदस्यो ने दिया है और समाचारपत्रो मे भी आया है कि हम बेकार नौजवानो को काम देने का प्रयत्न कर रहे है, तो एडल्ट लिट्रेसी सेटर खोल कर पचायतो के द्वारा हम इसको दे सकते हैं ? यदि इधर आपका ध्यान गया है तो उसके सम्बन्ध मे भी आप क्या कुछ कह सकते हैं ?

श्री डी० पी० यादव आप खुद इस मे इटरेस्ट लेते है। पिछली बार जब बिहार मे कुछ किसान आए थे उस समय भी आपने इसकी जिज्ञासा प्रकट की थी और बडी कृपा करके कहा था कि आपका जो बैंक है बिहार मे, कोआपरेटिव बैंक उसके आप चेयरमैन भी

[श्री डी० पी० यादव]

हैं और उसके भी पैसे का आवंटन करेंगे। मैं आश्वासन देना चाहता हूं कि आपके पैसे का भी सदुपयोग हम करेंगे और प्रैक्टिकल पार्क्स ट्रेनिंग प्रोग्राम, यूथ लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम में हम आपकी सहायता जरूर करेंगे। इस काम में मंत्रालय आपको सहयोग देगा और साथ ही आपका सहयोग भी चाहेगा।

कोऑपरेटिव्ज और पंचायतों के माध्यम से एक मसिव प्रोग्राम लांच करने की आवश्यकता है एडल्ट एजुकेशन को आगे बढ़ाने के लिए।

शिक्षकों की इन सर्विस ट्रेनिंग के बारे में श्री विभूति मिश्र ने सवाल उठाया है। मैं कहना चाहता हूं कि 25 लाख शिक्षक हमारे देश में है। अब 25 लाख को एन सी ई आर टी या इसके चार रिजनल कालेजों में ट्रेनिंग नहीं दी जा सकती है। उनके कुछ लीडरों को ही हम ट्रेन कर सकते हैं। उनके जरिये इसका प्रोपेगेशन हो सकता है। पिछले साल मैंने इसका जिक्र किया था। आज मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि सारे देश की प्राइमरी स्कूल टीचर्ज ऐसोसिएशन के प्रतिनिधि हमारे यहां आए और दस दिन तक उनका प्रशिक्षण हुआ। एन सी ई आर टी में इसका बड़ा अच्छा प्रभाव पड़ा। हमारे भी उच्च धिकारियों और प्रोफेसरों को पता चला कि धरातल पर क्या स्थिति है और उस स्थिति को देखते हुए किस प्रकार का करीकुलम बनाया जाना चाहिये। इसका चिन्तन हम करेंगे। हर एक राज्य से हम लोगों ने कहा है कि शिक्षकों के प्रतिनिधियों को बुला बुला करके उस राज्य की क्या समस्यायें हैं उनको देखते हुए एक माडल स्कीम तैयार की जाए और उसको हम करेंगे। यूनिसेफ भी इसके अन्दर कुछ शिक्षकों की मदद करना चाहता है। राज्य शिक्षा संस्थान और राज्यों में जो टीचर्ज कालेज हैं उनकी भी हम काफी मदद कर रहे हैं और करते रहेंगे। अभी तो 100 टीचर्ज कालेजों को और 400 टीचर्ज ट्रेनिंग स्कूल्ज को यूनिसेफ के अन्दर कवर करेंगे। इस तरह से टीचर्ज ट्रेनिंग के प्रोग्राम को मैसिव रूप में हम लांच करने जा रहे हैं। इसलिये यह कर रहे हैं कि करीब 55 हजार सर्विस टीचर्ज को और कुछ साइंस टीचर्ज को भी हम इन-सर्विस ट्रेनिंग देना चाहते हैं।

आपने पिछले साल कहा था कि शिक्षकों को एन सी ई आर टी के माध्यम से आप एजुकेट करें। शिक्षक प्रतिनिधियों को हमने एजुकेट करना शुरू कर दिया है और एजुकेट करेंगे। लेकिन उसकी संख्या बहुत कम होगी उनको वापिस जा कर रिफलैक्स एक्शन स्टेट में चलाना होगा। इस में आपके सहयोग की भी आवश्यकता है और साथ ही राज्यों के शिक्षा संस्थानों को भी मजबूत करना होगा उस में आप हमारी जो भी मदद चाहेंगे हम करने को तैयार रहेंगे।

श्री पी० जी० मावलंकर (अहमदाबाद): आप ज्यादा खर्च करेंगे तो ज्यादा शिक्षक ट्रेन हो सकते हैं और ज्यादा शिक्षकों को ट्रेनिंग मिलेगी शिक्षक ज्यादा अच्छे होंगे तो इसके विद्यार्थियों को भी फायदा होगा।

श्री डी० पी० यादव: देश में 26 लाख शिक्षक हैं। उनको चार रिजनल में या एक एन सी ई आर टी के हैडक्वार्टर में हम ट्रेन नहीं कर सकते हैं। आप उसको लीडरशिप अपने भी दे सकते हैं। लीडरशिप के लिए महाराष्ट्र से भी काफी शिक्षक आ रहे हैं। हर एक जिले में दो दो शिक्षक आ रहे हैं। यह लीडरशिप प्रोग्राम अच्छा है।

श्री दलीप सिंह (बाम्ह दिल्ली): शिक्षा मंत्रालय की मांगों का समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। कई माननीय सदस्यों ने कहा है कि शिक्षा के अन्दर प्रगति बहुत कम हुई है। मेरी राय है कि प्रगति बहुत ज्यादा हुई है। वह जमाना मुझे याद है कि जब दिल्ली में हम पढ़ते थे तो सारी दिल्ली के देहातों के अन्दर एक ही स्कूल होता था जिस का नाम था

महरौली' हाई स्कूल। आज दिल्ली के देहातों के अन्दर हर गांव में या हर दो तीन गांव के बीच में एक हायर सैकेंडरी स्कूल है और सारी दिल्ली में तकरीबन साढ़े आठ सौ हायर सैकेंडरी स्कूल हैं। इस तरह से काफी तरक्की हुई है काफी प्रगति हुई है।

लेकिन शिक्षा को आपने दो भागों में बांटा हुआ है। एक वह भाग है जिस में धनी लोगों के बच्चे पैसे के जोर से शिक्षा खरीद करते हैं और एक वह भाग है जिन में गरीब आदमियों के बच्चे जो गांव के बच्चे हैं वे पढ़ते हैं। जो धनी लोगों के लड़के लड़कियां हैं वे कारों में बैठ कर स्कूल जाते हैं सीधे स्कूल के दरवाजे पर कार से उतरते हैं उनको सुबह का ब्रेक फास्ट या लंच जो कुछ भी होता है मिल जाता है और उनको इतनी अच्छी किस्म की शिक्षा दी जाती है कि क्लिंग क्लास उन में से पैदा होती है। भारत में 85 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है जहां पर किसान रहता है मजदूर रहता है खेतीहर मजदूर रहता है और वहां स्कूलों की हालत यह है कि वहां टीचर तक नहीं होते हैं।

दिल्ली में हमारे गांवों के लोगों ने एक एक स्कूल के लिए बीस बीस, पच्चीस पच्चीस एकड़ जमीन दी, और वहां खूबसूरत बिल्डिंग्ज भी बनी। लेकिन आज हालत यह है कि कितने ही स्कूलों में मैथेमैटिक्स के टीचर नहीं हैं। क्या सरकार इस शिक्षा पद्धति के जरिये समाजवाद लाने की बात सोच रही है? मैं श्री यादव का बड़ा शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने किसी भी शोबे के लिए पैसे की कमी नहीं बताई है। लेकिन दिल्ली, जो हिन्दुस्तान की राजधानी है, स्कूलों में मैथमैटिक्स के टीचर न हों और साइंस पढ़ाने का इन्तजाम न हो, यह एक अफसोस की बात है। एप्लीकेशन हो चुके हैं, लेकिन टीचर न होने की वजह से स्टूडेंट्स मैथेमैटिक्स नहीं पढ़ सके हैं। इस बात की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है कि उन स्कूलों में मैथेमैटिक्स के टीचर नहीं हैं और साइंस पढ़ाने का इन्तजाम नहीं है, क्योंकि उनमें गरीब लोगों के बच्चे पढ़ते हैं।

आज हमारे देश में मुख्तलिफ नौकरियों के लिए-आई० ए० एस०, आई० पी० एस०, पी० सी० एस० और इस० डी० ए० वगैरह के लिये काम्पीटीशन होता है। आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि जो लड़के गांवों के स्कूलों में पढ़ते हैं, वे कैसे उन काम्पीटीशन्ज में कामयाब हो सकते हैं।

मिनिस्टर साहब ने बताया है कि देश भर में 180 केन्द्रीय महाविद्यालय खोले गये हैं। यह बड़ी अच्छी बात है, क्योंकि जिन गवर्नमेंट सर्वेन्ट्स का अलग अलग जगहों पर ट्रांसफर होता रहता है, उन के बच्चों की शिक्षा के लिए इन स्कूलों का होना बहुत जरूरी है। लेकिन सरकार ने गांवों में शिक्षा के लिए क्या इन्तजाम किया है? इलैक्शन के सिलसिले में मैं हाल ही में बुलन्दशहर गया था, जो दिल्ली से चालीस मील के फासले पर है। मैं ने देखा कि गांव में स्कूल में एक कमरा है, आंधी चल रही है, धूल उड़ रही है, और वहां बैठ कर बच्चे पढ़ रहे हैं। इस के मुकाबले में जिन स्कूलों में धनवानों के बच्चे पढ़ते हैं, वहां सब तरह की सहूलियतें मौजूद हैं, वहां टैक्स्टबुक्स दूसरी हैं और शिक्षा पद्धति भी दूसरी है।

एक बार जब मैं अपनी कास्टीट्यूएन्सी में गया, तो मुझे यह देख कर खुशी हुई कि एक हरिजन लड़का, जिस का बाप जुलाहे का काम करता है, आई० ए० एस० में सिलेक्ट हुआ। इसी तरह एक दूसरा लड़का भी आई० ए० एस० में सिलेक्ट हुआ, जिसका बाप जूती बनाने का काम करता है। इस लिए यह न समझा जाये कि गरीब आदमियों का दिमाग नहीं है। अगर उन के बच्चों को मुनासिब मौका दिया जाये, तो वे भी इन काम्पीटीशन्ज में कामयाब हो सकते हैं।

नई दिल्ली में जो पब्लिक स्कूल खुले हुए हैं, उन में गरीब आदमियों के बच्चे नहीं

[श्री अमीन सिंह]

आ सकते हैं। जब सिलेक्ट कमेटी में दिल्ली स्कूल एजूकेशन बिल पर बहस हो रही थी, तो मैं ने मैनेजमेंट के एक प्रतिनिधि से पूछा कि उन के स्कूलों में इतनी फ़ीस ली जाती है, क्या उन में गरीब आदमियों के बच्चे भी आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर गवर्नमेंट ग्रांट देती है, तो कुछ रईसों से लेते हैं। मैं ने पिछली दफ़ा भी कहा था कि सारे मुल्क मे एक शिक्षा पद्धति हो और सब स्कूलों में एक सी किताबें पढ़ाई जायें, ताकि गांव के लड़के भी दूसरों का मुकाबला कर सके। लेकिन सरकार मौजूदा शिक्षा पद्धति को बदलना नही चाहती है। भारतवर्ष की 85 फीसदी आबादी गावों में रहती है। सरकार का उन लोगो के बच्चो का भी ख्याल करना चाहिए।

हम देखते है कि जब सात, आठ या दस साल का बच्चा तीसरी या चौथी जमात मे पढ़ता है, वह किताबों का गठ्ठे का बोझ लाद कर ले जाता है। समझ मे नही आता कि छोटे छोटे बच्चे इतनी किताबों को कैसे पढ़ सकते हैं। जो हम लोग पढ़ा करते थे, तो थोड़ी सी किताब हुआ करती थी और उस जमाने का पढ़ा-लिखा आदमी आज कल के ग्रैजुएट या हायर सेकण्डरी पास से कही बेहतर है। इस लिये मिनिस्टर साहब बच्चो का किताबो का बोझ घटाने की कोशिश करें।

दिल्ली स्कूल एजूकेशन बिल को इस लिए पास किया गया कि टीचर-वर्ग को प्रोटेक्शन मिले और स्कूलों के मेनेजमेंट धांधली न कर सके। आज मुझे अनएडिड स्कूल टीचर्स एसोसियशन के सैक्रेटरी, मिस्टर पी० भाषान, की एक चिट्ठी मिली है, जो मैं मिनिस्टर साहब को दे दूंगा। उस में कहा गया है कि श्री अब्दुल लतीफ़ मिडलाइन स्कूल, पूसा रोड मे परमानेंट टीचर थे; उस स्कूल के जो मैनेजर हैं, उन की बीबी उस की प्रिंसिपल है; श्री अब्दुल लतीफ़ स्कूल की वैस्ट-पटेल नगर ब्रांच मे काम करते थे; उन को कार भेज कर हैड आफिस मे बुलाया गया और एक कमरे में बन्द कर के, जिस के बाहर दस बारह आदमी खड़े कर दिये गये थे, उन का रेजिग्नेशन ले लिया गया। आज वह व्यक्ति दर दर की ठोकरें खा रहा है। उस ने पुलिस मे रिपोर्ट की और लेबर कोर्ट मे दरख्वास्त दी, लेकिन कोई एक्शन नही लिया गया है। अब उस ने डायरेक्टर आफ एजूकेशन के नाम दरख्वास्त दी है। उस के साथ बड़ा अन्याय किया गया है। अगर इस तरह एक गरीब टीचर का इस्तीफा जबर्दस्ती से लिया जाता है और मैनेजमेंट की तरफ से उस को परेशान किया जाता है, तो फिर दिल्ली स्कूल एजूकेशन बिल को पास करने का फायदा क्या है? मैं चाहता हूं कि मंत्री महोदय इस तरफ ध्यान दें।

मेरी कान्स्टीट्युएन्सी मे हरियाणा शक्ति हायर सकंडरी स्कूल, कआवला, मे बच्चों और टीचर्ज की तरफ से प्रिंसिपल के खिलाफ छ महीने तक हड़ताल रही, लेकिन सरकार उस स्कूल को टेक ओवर नही कर सकी। पता नहीं, बच्चों का एग्जामिनेशन भी हुआ है या नही। जब मैं ने देखा कि कोई सुनने वाला नही है, तो मैं ने उस की तरफ ध्यान देना छोड़ दिया।

देहात के स्कूलों मे सीनियर पी० टी० आई० भी नही हैं। हम अपने नौजवानों की दिलचस्पी खेलों मे पैदा करना चाहते हैं और उन को अच्छे खिलाड़ी बनाना चाहते हैं। इस बारे में डायरेक्ट्रेट आफ एजूकेशन मे 1972 और 1973 में इन्टरव्यू हुए और पैनल बनाया गया, लेकिन आज तक किसी को

एपाइंट नहीं किया गया है । इन स्कूलों में पी० टी० आई० मौजूद नहीं हैं, तो हमारे लड़के खेलों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे । मिनिस्टर साहब को इस तरफ जरूर ध्यान देना चाहिए ।

जहां तक आर्कियालोजी का ताल्लुक है, हमारे यहां कितनी ही एनशेंट और हिस्टारिकल बिल्डिंग्ज हैं । मेरा गांव अलाउद्दीन खिलजी के किले के अन्दर आबाद है, जिस को सिटी सीरी कहते हैं । वह किला अभी तक किसी न किसी शक्ल में कायम है । उस की दीवारें भी दिखाई देती हैं । पहले मैं देखता था कि उस की प्रोटेक्शन के लिए कोई चौकीदार होता था । उस के साथ साथ मखदूम शाह औलिया की दरगाह और दूसरी बिल्डिंग्ज के लिए भी चौकीदार होता था । लेकिन आज वहां कोई चौकीदार नजर नहीं आता है । लोग फोर्ट की जमीन पर नाजायज कब्जा करते चले आ रहे हैं और फोर्ट को खत्म किया जा रहा है । मिनिस्टर साहब को इस तरफ ध्यान देना चाहिए ताकि हमारी हिस्टारिकल बिल्डिंग्ज सेफ रहें और हमारी पुरानी यादगार कायम रह सके ।

जहां तक शिक्षा पद्धति का सवाल है आप उस पुराने जमाने को याद कीजिए, जब राजा के लड़के, कृष्ण, और गरीब ब्राह्मण का लड़का, सुदामा, दोनों एक-साथ बैठ कर पढ़ते थे । उन दोनों का एक ही गुरु था और एक ही शिक्षा थी । उन दोनों में इतना प्यार था कि जब बाद में कृष्ण राजा बने, तब भी उन की तरफ से सुदामा को बहुत इज्जत दी गई । जिन को हम भगवान मानते हैं, जिन को योगेश्वर कहा जाता है, वह भी एक गरीब ब्राह्मण के लड़के के साथ बैठ कर पढ़ते थे । लेकिन आज हम देखते हैं कि धनवानों के बच्चे गरीब आदमियों के बच्चों के करीब नहीं जाना चाहते हैं — उन को बदबू आती है । धनवानों के बच्चे, ब्लैक-मार्केटियर्ज के बच्चे, देश के बेईमानों के बच्चे, जिन लोगों ने ब्लैक कर के पैसा कमाया है, उन के बच्चे ऐसे स्कूलों में पढ़ते, हैं जहां उन को धूप और हवा भी न लगे जैसे कागज की पुड़िया में से निकले हों । वही रंग गोरा गोरा सुबह से शाम तक नजर आए और हमारे गांव के बच्चे जो बाहर बैठते हैं उन्हें गर्मी में लू लगे, सर्दी के दिनों में ठण्डी हवाएं लगें और आंधी आ जाय तो सारी धूल मुंह पर और उन के सिर पर जम जाये, फिर वह आप को कुछ देंगे नहीं और वे आप के लिए मेहनत कर के अन्न पैदा करेंगे आप को अन्न देंगे । तो आप का मुंह उन की तरफ क्यों नहीं होता है ? आप वहां उन बच्चों को बैठने के लिए जगह दीजिए उन के स्कूलों में हर एक सबजेक्ट का टीचर दीजिए । आज जब दिल्ली के अन्दर यह हालत है और 40 मील दूर बुलन्दशहर की बात मैं न बताऊं तो और जगह की क्या हालत होगी ? बिहार, उड़ीसा की हालत आप देखें, बहुत पहले मैं उसे देख कर आया हूं फिर दिल्ली की जब यह हालत है तो उस से मुझे लगता है कि उन स्थानों की क्या हालत होगी ?

मेरा गांव शाहपुर जट है जो हौज खास के पास है । जब मैं पढ़ता था उस से पहले वहां एक प्राइमरी स्कूल था और आज भी वही प्राइमरी स्कूल चला आ रहा है । डायरेक्टर आफ एजूकेशन को मैंने चिट्ठी भी लिखी । वहां हौज खास में एक हायर सैकेंड्री स्कूल था जहां हमारे बच्चे पढ़ने जाते थे । अब वह भी वहां से उठ गया है और उन को डेढ़ डेढ़ दो दो मील दूर जाना पड़ता है । तो मैं आप से निवेदन करूंगा कि डायरेक्टर आफ एजूकेशन से कह कर एक हायर सैकेंड्री स्कूल भी वहां खुलवा दीजिए । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अनुदान की मांगों का समर्थन करता हूं ।

SHRI P. G. MAVALANKAR (Ahmedabad): Mr. Chairman, Sir, a democratic and progressive nation is known by the quality of education it maintains and by the attention it pays to and the moneys it provides for both the quality and quantity of education. If you consider, therefore, the Ministry of Education's Report with this measuring yard, you will find that the report is far from satisfactory. Not that, it has not done many good things, which this Report mentions. Of course, it has done some good things. But from the very beginning of our Indepedence education has not been given the right priority, one of the top-most priorities, and we find a chequered history of our Education Ministers being inside and outside the Cabinet. I should have thought that particularly in a developing democracy, Education Ministers all along would be members of the Cabinet, and not only members of the Cabinet, but members who would also influence the decisions of the Cabinet. Every single decision you take, no matter whether it is on economic or social or on other allied subjects, the Minister of Education and his considered judgement and opinion are bound to be influential. Therefore, my feeling is, this report talks about many things, but it does not convey them in the real sense in which it ought to. The sad fact is that it just cannot convey. This is one thing.

The second aspect, is the Ministry of Education is constantly suffering from paucity of funds. This problem of paucity of funds and resources is a perennial one. This can be seen from the Report itself. In the Report, there is mention of this fact. When the resources for the Fifth Five Year Plan were being assessed,—the report itself says on Page (1) of the Introductory Chapter—the proposals for educational development in the Fifth Five Year Plan were estimated to cost Rs. 3200 crores. Later on, they were scale down to Rs. 2200 crores. Ultimately, the amount decided was Rs. 1726 crores My friend, the Deputy Minister yesterday talked very enthusiastically and rightly so, about the fact that the social welfare budget has been increased by six times in the Fifth Five Year Plan. I wish his enthusiasm prevails over the next five years. But I am afraid, as we pass through the next months and years, there will be some economies and cuts and I think those economies and cuts will always be far education and social welfare as if these are things which can be taken up at the last minute. As a matter of fact, these things should have been done earlier.

Now, I would briefly mention certain points about the Report. I would draw the attention of the hon. Minister to certain things and I hope he will give reply to some of the points. On page (v) of the Introductory Chapter, the report refers to the proposal to establish a National People's University for non-formal higher education. But, the details of this proposal have not been spelt out. We would like to know something about this. On page 9 the Report tells about the 'Teachers Day' and about the funds collected for teachers aid, and about the National Awards to and honour of teachers. It is all good, if you give to the teachers a honoured place in the society and give them aid, especially to those teachers who are economically needy. But, Sir, what about the other freedom? A good number of them, particularly the teachers at the higher education level, are unable to express themselves freely, and some minent professors are unable to go abroad. I would draw the attention of the Minister to this particular problem and I hope he will give answer to this particular question. Does the Ministry of Education enable outstanding scholars of this country to go abroad and attend international conferences, without any hindrance from the Government?

On Page 13 of the Report, we find that in the Fifth Five Year Plan, an allocation of Rs. 210 crores has been

made to the University Grants Commission. This is a very small amount. Bodies like the UGC should get much more amount. The number of universities has increased from 41 to more than 100, if you take into account those institutions as well which are known as deemed Universities. Now, when you have more than 100 such Universities in this country, you have allotted only Rs. 210 crores, for a period of 5 years. This is a very small amount, for distribution, for all round educational development. Then, again, out of these funds allotted to UGC, my grievance is that a lion's share is spent on Central Universities like Jawaharlal Nehru University. I have nothing against these Universities. I would like to see that these Universities are and should be properly developed. But, the distribution is not fair.

MR. CHAIRMAN: Do you mean to say that UGC is only Delhi University Grants Commission?

SHRI P. G. MAVALANKAR: That is what is happening!

PROF. S. NURUL HASAN: Do I deal with the Chair's observations also in my reply?

MR. CHAIRMAN: If the Minister so wishes, he is free to do so.

SHRI P. G. MAVALANKAR: By all means spend more on certain universities, but don't neglect others universities.

Coming to the Indian Institute of Advanced Studies, Simla, from Press and other sources, I find it is not faring well. There are complaints about its functioning, particularly its Director. I am not completely informed about it. The Minister should tell us whether this institute is delivering the goods as expected.

I shall now come to some general aspects. The role of education in a developing democracy is pivotal. But in the country today, whether it is primary, secondary or higher education, the picture is dismal and disturbing. Educational places and university campuses have become by and large barren and waste lands. The teachers and students do not feel inspired and hopeful about the coming events. The students especially are not hopeful whether they would get a placement after graduation. Of course, all education is not for jobs but all education is at least to make the individuals competent and able to stand up against all ordeals in life and grapple with the life's problems. Even that type of training and education is not made available to our students. We are neglecting education to our peril and to the peril of posterity. The human factor in economic development is very important. Then why should education have such a small outlay from the whole plan? The Education Minister should persuade his colleagues, and particularly the Prime Minister, that not only he should be made a Cabinet Minister but his ministry should get larger funds.

The other day he announced happily the revised scales for university and college teachers. But he did not mention anything about the improvement in the scales of 700 teachers of Delhi University who are placed in the selection grade.

PROF. S. NURUL HASAN: I have said in that statement that this matter is under the consideration of UGC and Government will take a decision after UGC's views are available to Government.

SHRI P. G. MAVALANKAR: Moreover it is no use merely giving more pay. Security is also important. Particularly in colleges under private management, teachers have no security. Even if they do not do anything wrong and they confine themselves to educational matters, they are not sure of remaining in their posts. Some times teachers are compelled to resign

[Shri P. G. Mavalankar]

because they are not finding favour with the management. Government should look into this aspect.

The Minister should also look into the conditions of Directors of Physical Education and Librarians. As a Principal for many years in a college in Ahmedabad, I know these people are as much a part of the faculty as any other members who teach this or that subject. Without a good Librarian and a good Director of Physical Training and Education, how are you going to have an overall educational development on the campuses of universities or colleges?

Look at higher education. The report says, in 1960 there were 45 universities. The number rose to 101 in 1973. In 1960-61 there were 1,542 colleges. Today there are 4,158 colleges. The number of students has also naturally gone up tremendously. The student explosion in the colleges and universities is so great that unless you do something concretely in regard to satisfying the students and making them know that you are concerned for them, you care for them, the students are bound to go astray.

A number of hon. Members belonging to different parties have referred to the disturbing student unrest. Some have called it student movement and others student power or student disturbance. I am one of those teachers who believe that we need not necessarily take a very dismal view of the student disturbances. Though I am very much tempted to quote, I would content myself by merely referring to a well known American social critic. Noam Chomsky, who has written a very fine book called *For Reasons of State* in which there is a chapter entitled *"The Function of the University in a Time of Crisis"*. I broadly agree with this social critic of America that the student movement and the student aggressiveness money and attention to the problems good singn. But it only means that we have to spend more in terms of and the sharp challenges they fling at us are something which we must welcome. These are, indeed, some of the hopeful developments of the day. On the other hand, if the students are going to be docile and conservative, taking everything lightly then we would be facing a real problem and a disturbing situation. So, this student unrest is a good sign. But it only means that we have to spend more in terms of money and attention to the problems of the students in the various campuses.

I find that in Gujarat today, a number of universities and colleges are in turmoil. Though there are committees established to look into those problems, every day we see students come out in processions. What are their demands? They complaint that there is no drinking water facility, no sanitary services, no bathrooms, no adequate class rooms, not many good teachers, not well equipped libraries, not modern laboratories, no books or playgrounds worth the name. But over and above all this, and apart from looking into the complaints of the students, there should be regular dialogue between the teachers and the students, so that the students, feel that they get something out of college and university education. At present they do not have that feeling. Therefore, if education is to become purposive, meaningful and fruitful then all our energy, money and attention should be poured into this educational endeavour in such a way that students develop themselves into cultivated, cultured and considerate citizens and they become self-respecting, self-reliant, sensitive and sensible individuals.

SHRI A. S. KASTURE (Khamgaon): Mr Chairman, I rise to support the Demands for Grants relating to the Ministry of Education and Social Welfare. In this connection, I wish to bring to the notice of the hon. Minister some problems for his consideratioin. The statistics show that 87 per cent of the students enrolled for getting elementary education. That means 13 per cent of the students are not enrolled at all. Who are these students and

what are the reasons for their non-enrolment? It is obvious that these students are from the Scheduled Castes and Tribes and, as such, they are the worst sufferers. The main reason is that they live in the interior areas. In order to bring these people on par with others some solution must be found and efforts must be made to see that these communities get elementary education. I would request the Government to provide special incentives to help the enrolment and retention of these students in schools, such as scholarships, free-ships, residential schools (Ashrams) for Scheduled Tribes with some percentage of seats reserved for Scheduled Castes of that area, free distribution of text-books and stationery, mid-day meals, uniforms and attendance scholarships and some special benefits for girls If these measures are implemented, I have no doubt the children of Scheduled Castes and Tribes will come on par with others and take an active part in the building up of our nation. As a matter of fact, there is a constitutional obligation for provision of universal elementary education for spreading mass literacy, which is a basic requirement for economic development, modernisation of the social structure and the effective functioning of democratic institutions. It is also a first step towards the provision of equality of opportunity to all citizens.

The next problem is about adult education. This is a very important problem. I am glad to know that measures are contemplated for organising a large-scale campaign of non-formal education for youth in age group of 15—25 years in the Fifth Plan. The measures are very necessary because most of the children who drop out or are withdrawn from schools prematurely, do so for economic reasons. In view of the present level of per capita income and the nature and pattern of utilisation of the labour force, especially in agriculture, it is unrealistic to expect that the problem of drop-out can be completely solved in the near furture. But in the meantime some essential steps should be taken on an urgent basis. There should be provision of part-time classes for children who have completed five years of the primary school and who intend to continue education but cannot do so on a full-time basis and literary classes for those who have never been at school or have dropped out after finishing Class I or Class II.

The next problem is about the scholarships at the secondary stage for talented students from rural areas The object of this scheme is to achieve greater equalisation of educational opportunities to the development of rural talent and thereby to promote national integration. During 1973-74, scholarships were distributed amongst States and Union Territories at the rate of 2 scholarships for eash Community Development Block The same number is proposed to be continued during the year 1974-75. This number is most inadequate and hence in order to give opportunity to more rural talents, the amount and rate should be at least 5 scholarships per Community Development Block out of which at least one is from Scheduled Castes and one is from Scheduled Tribes necessarily.

About the National Scholarships for study abroad, this scheme was instituted in 1971-72 and provides financial assistance to meritorious students who are citizens of India and who do not have the means to go abroad for further studies. These scholarships are available for post-graduate studies. The number of scholarships awarded under this scheme every year is 50. I do not know whether during the last 4 years some Scheduled Castes/Tribes students have been sent abroad under this scheme and, if not, I would request the Minister to reserve seats for Scheduled Castes/Tribes students every year for these foreign scholarships as these students have no means to go abroad.

[Shri A. S. Kasture]

Another point is about the Post-Matric scholarships. The rates of scholarships are old and there is a need now for revision of these rates as the cost of living index has gone up. This is the Government of India scheme of Post-Matric scholarships for the Scheduled Castes/Tribes students studying in colleges. They get Post-Matric scholarships at various rates faculty-wise. I think, the rates were fixed in 1950-51 under the Post-Matric Scholarship Scheme. Since then, the same rates are still continuing. In spite of the demand from various students unions and associations and also by the Parliamentary Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes, no attempt has been made to revise these rates. As matter of fact, these students, if they live in hostels, get a very paltry sum of Rs. 40/- and day scholars get only Rs 27/-. These are the rates which were fixed in 1950-51. In spite of the demand to revise the rates, the rates have not been revised. The cost of living index has gone up and, as such, the rates should have been raised. But so far it has not been done. I do not know when it will be done. It shows that the Government is not paying any attention towards the problems of Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

There is another point regarding various Institutes of Technology. There was a Committee appointed under the Chairmanship of Mr. K. T. Chandy. They have submitted the report. I have got a copy of that report. The Committee was constituted by the Council of the Institutes of Technology on admission of Scheduled Castes and Scheduled Tribes candidates. They submitted the report on 6th February, 1973. The hon. Minister of Education noted that and approved it on 16th February, 1973 But in spite of that, their recommendations have not yet been implemented. There is a provision in this report that it will be brought into force from this year 1973-74. Some of the students studying in these Institutes have met me and explained their difficulties. In spite of the report being in their favour, they are not getting any advantage of the report. The recommendations of the report are as follows:

"All SC/ST candidates who have passed the Higher Secondary Examination or equivalent be admitted against the quota reserved for them on the basis of their performance in the Joint Entrance Examination. Their performance should, in no way, be related to the minimum standards prescribed for the general candidates for qualifying at the Joint Entrance Examination.

All SC/ST candidates be given free tuition, exemption of hostel seat rent and a scholarship of Rs. 150/- p m to cover board expenses and a food grant of Rs. 300/- per year."

16.00 hrs

Those students who are studying in the Institutes of Technology are not getting these facilities, and if immediate steps are not taken to provide them with these facilities, some of them may leave the institutions.

With these words, I support the Demands for Grants.

SHRI SAMAR GUHA: The grant for the Ministry of Education is so insignificant that I do not know whether I should say that I stand to support it or I stand to oppose it.

MR. CHAIRMAN: You may keep silent on that.

SHRI SAMAR GUHA: I will not make any observation on that. In 1973-74 it was Rs. 130 crores; in the revised estimates for 1973-74 it was slashed to Rs. 116 crores. Now for 1974-75, the provision is Rs. 113 crores only. So, I do not want to make any observation about that. Since Independence, if any department in our country has been neglected by the Central Goverament, it has been Education. I do not know whether the

Planning Minister and others think that hand, divested from mind, can work.

Now I would like to make a few observations I would, first, say some thing about Prof. S. N. Bose. I want to remind you that when late Pandit Jawaharlal Nehru visited America he met Prof. Einstein, and the first question that Prof. Einstein asked Panditji was, 'How is Prof. Bose?'. And Panditji did not know who it was, whether it was the political Bose or come other Bose. It was about Prof. S. N. Bose. I want to remind you that, if Prof. Einstein had lived a year more, Prof. Bose would have got the Noble Prize. It was Prof. Einstein himself who suggested his name for Noble Prize, but before he could formalise it, he died. I have written to you about the way Prof. Bose was treated by one of your Secretaries or Under Secretaries. In the form of a letter addressed to him, they had said that his application for National Professorship was under consideration. The close associates of Prof. Bose suppressed that letter lest it should be a rude shock. Yet, the news percolated. I would request the Minister to see that his officials have some sense as to whom they are dealing with. I know you have written a letter of apology; I have seen that Do such persons, who dare to write such a thing to an eminent student of science, deserve to be in any department of Education? It was a matter of great distress for all of us I have written to you, Sir. Many scientists who worked on his statistics have got the Noble Prize. But Prof. Bose was absolutely careless about himself; he never tried for it; he was not concerned with earthly affairs. Many names of Noble laureates may be forgotten, but the name of Prof. S. N. Bose will remain so long as fundamental physics, fundamental science, is there. I request you to take some measures to honour him. We have not accorded him any national honour—not just as a National Professor; it is nothing for him. You should take initiative to set up an institute dealing with fundamental science in his name—in the name of Prof. S. N. Bose. That is my first request.

Secondly, the room in which Prof. Bose was living for the last many years, its condition is not very good. You should take some steps for the preservation of that room.

Thirdly, there is a nucleus of scientists who are working on Bose's statistics and they will soon be requiring some assistance from you. Not much they will demand from you. Kindly see that you can accommodate them. They are the Bose Group of Scientists working in Calcutta. They will be sending you their note soon.

